प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी




सावरकर विवाद पर भाजपा ने खींची ''लक्ष्मण रेखा'' पेज- 2

www.newswani.in पेज- 8

वर्ष : 15 अंक : 232 | गुरुवार 13 अगस्त, 2026 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 08 मूल्य 5.00 रुपया

## हंगामे के बीच मोदी सरकार का खनिज विधेयक
## लोकसभा से मंजूर, राज्यों के अतिरिक्त कर पर लगेगी रोक

(एजेंसी) नई दिल्ली। लोकसभा ने बुधवार को खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) संशोधन विधेयक, 2026 विपक्ष के हंगामे के बीच पारित कर दिया, जिसके तहत राज्यों को खनिज अधिकारों पर अतिरिक्त कर लगाने से रोका जाएगा। खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) संशोधन विधेयक, 2026 के जरिए केंद्र सरकार ने खनिज वाले क्षेत्रों में खनिज संपदा की मात्रा से संबंधित निर्धारित मानकों के अनुसार खनिज–युक्त भूमि के विनियमन को भी अपने नियंत्रण में लेने का प्रावधान किया है। केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने विपक्षी सदस्यों के विरोध के बीच विधेयक को सदन में चर्चा एवं पारित करने के लिए पेश किया। विपक्षी सदस्य अयोध्या के राम मंदिर से चढ़ावे की कथित चोरी पर चर्चा और प्रदर्शनकारी छात्रों पर पुलिस की कार्रवाई पर गृह मंत्री अमित शाह के जवाब की मांग को लेकर नारेबाजी कर रहे थे। इसके साथ ही कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और द्रमुक के सदस्य विदेशी अंशदान (विनियमन) संशोधन (एफसीआरए) विधेयक, 2026 को वापस लेने की मांग करते हुए भी हंगामा कर रहे थे, जिसे विस्तृत



समीक्षा और संभावित सुझावों के लिए संसद की संयुक्त समिति को भेजा गया है। आरएसपी के एन. के. प्रेमचंद्रन ने विधेयक का विरोध करते हुए कहा कि यह संविधान और संघीय ढांचे के खिलाफ है। हालांकि, सदन ने हंगामे के बीच ही बिना चर्चा के विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया। विधेयक में कहा गया है, राज्य सरकार द्वारा खनिज अधिकारों पर कोई कर, उपकर या ऐसा कोई अन्य शुल्क (किसी भी नाम से) नहीं लगाया जाएगा। इसके प्रावधान खनिज–युक्त भूमि पर भी लागू होंगे। हालांकि, केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित शर्तों या प्रतिबंधों के अनुसार ही खनिज की मात्रा, उसके मूल्य, रॉयल्टी या किसी अन्य आधार पर ऐसी भूमि के संबंध में कोई कर या शुल्क लगाया जा सकेगा। इस संबंध में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम में एक नयी धारा जोड़ने का प्रस्ताव किया गया है। इसके अलावा, विधेयक में प्रावधान किया गया है कि 2026 के संशोधन अधिनियम के लागू होने से पहले ऐसा कोई कर, उपकर या अन्य शुल्क, जो राज्य सरकार के पास जमा नहीं किया गया हो या जिसकी वसूली उसके द्वारा नहीं की गई हो, उसे हर लिहाज से अवैध माना जाएगा। विधेयक में कहा गया है, हालांकि, ऐसे लागू होने से पहले खनिज अधिकारों या खनिज–युक्त भूमि पर लगाया गया कोई कर, उपकर या अन्य शुल्क, जो पहले ही राज्य सरकार के पास जमा किया जा चुका है या उसके द्वारा वसूल किया जा चुका है, वापस करने योग्य नहीं होगा। विधेयक के उद्देश्यों एवं कारणों के विवरण में कहा गया है कि इन संशोधनों का उद्देश्य खनिज क्षेत्र में राजकोषीय व्यवस्था को निश्चित, स्थिर और पूर्वानुमेय बनाना है। इससे राष्ट्रीय आर्थिक वृद्धि को गति मिलेगी, आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्यों को बढ़ावा मिलेगा और अंततः 2047 तक विकसित भारत के दृष्टिकोण को हासिल करने में मदद मिलेगी।

## चुनाव में मुद्दा था तो अब राज्य का विषय कैसे? राम मंदिर चढ़ावा विवाद पर प्रियंका का बीजेपी पर हमला: सरकार से पूछे तीखे सवाल

**– राम मंदिर पर जब भाजपा ने राजनीतिक लाभ उठाया तब राज्य का विषय नहीं था : प्रियंका**

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने बुधवार को कहा कि सरकार राम मंदिर से चढ़ावे की कथित चोरी से जुड़े सवालों का जवाब देने से यह कहते हुए इनकार कर रही है कि यह राज्य का विषय है, जबकि लोकसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंदिर के नाम पर राजनीतिक लाभ उठाने में कोई हिचक नहीं दिखाई थी। मानसून सत्र के आखिरी चरण में भी संसद में जारी गतिरोध के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि इससे पता चलता है कि सरकार को जनता के प्रति जिम्मेदारी का अहसास नहीं है, क्योंकि संसद ही वह मंच है जहां उसे सवालों के जवाब देने और बयान देने होते हैं। उन्होंने संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा, एक बहुत बड़ा प्रदर्शन हुआ था। देश के युवा दिल्ली ही नहीं, बल्कि पूरे देश में सड़कों पर उतरे थे। उन्हें पीटा गया, आंसू गैस के गोले छोड़े गए और उन पर पैलेट गन चलाई गईं। बिहार में प्रदर्शनकारियों पर एके–47 का इस्तेमाल किया गया। सरकार



को लगता है कि उसे कोई जवाब नहीं देना है, वह यह बयान तक नहीं देना चाहती कि ऐसा कैसे हुआ। आदेश किसने दिया? राम मंदिर से चढ़ावे की कथित चोरी का जिक्र करते हुए कांग्रेस महासचिव ने कहा कि मंदिर के लिए पूरे देश से चंदा आया था। उन्होंने कहा, लोगों ने अपनी आस्था के लिए चंदा दिया था। गरीब लोगों ने यह सोचकर चंदा दिया कि यह मंदिर के लिए है। लोगों की भगवान राम में आस्था सिर्फ हमारे देश में ही नहीं, बल्कि मलेशिया, इंडोनेशिया और थाईलैंड में भी है। अब आप कह रहे हैं कि यह राज्य का विषय है। प्रियंका गांधी ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, जब आपको चुनाव से पहले अभियान चलाना था और इससे राजनीतिक लाभ लेना था, तब यह राज्य का विषय नहीं था। अब यह राज्य का विषय हो गया है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राम मंदिर का उद्घाटन किया था। वह किसी प्रदेश के नहीं, बल्कि देश के प्रधानमंत्री हैं। मंदिर के उद्घाटन के लिए पूरे देश से लोग आए थे। अब वे कहते हैं कि यह राज्य का विषय है और वे संसद में इसका जवाब नहीं देंगे। चंदा गायब हो गया है। यह क्या तरीका है?

## चर्चा से क्यों भाग रहा विपक्ष? संसद में गतिरोध के बीच अमित शाह का खुला ऑफर कहा-हर सवाल का जवाब देने को तैयार

(एजेंसी) नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को विपक्ष पर पलटवार करते हुए कहा कि यदि विपक्ष छात्रों से जुड़े विषय पर चर्चा के लिए



तैयार हो तो वह हर सवाल का जवाब देने के लिए तैयार हैं तथा सरकार के पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है। बीते 20 जुलाई को आरंभ हुए संसद के मानसून सत्र के दौरान दोनों सदनों में जारी गतिरोध के बीच शाह ने पहली बार सार्वजनिक रूप से अपना पक्ष रखा और आरोप लगाया कि विपक्ष चर्चा होने ही नहीं देना चाहता। शाह ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा कि संसद का मानसून सत्र शुरू होने के बाद से वह नियमित रूप से संसद आ रहे हैं और अपने कक्ष में बैठते हैं, लेकिन विपक्ष दोनों सदनों की कार्यवाही नहीं चलने दे रहा है। उन्होंने कहा, लापता, भाग गए भगोड़े हैं, इस प्रकार की भाषा भारत के सार्वजनिक और संसदीय जीवन में आजकल सुनाई दे रही है। लेकिन मैं संसद में नियमित रूप से आ रहा हूं। मैं अपने कक्ष में बैठता हूं, लेकिन जब विपक्ष संसद को चलने ही नहीं दे रहा है, तो कोई जाकर क्या करेगा। गृह मंत्री ने कहा कि संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने स्पष्ट कर दिया है कि सरकार नीट से जुड़े विरोध–प्रदर्शनों के मुद्दे पर सभी प्रकार से चर्चा के लिए तैयार है, समय तय किया जाए और विपक्ष भी चर्चा के लिए तैयार हो जाए। उन्होंने कहा, इनकी (विपक्ष) मांग शुरुआत से यही थी और हम उस पर सहमत हुए। मैंने अपनी ओर से कहा है कि मैं संसद में हर सवाल का जवाब देने के लिए तैयार हूं, लेकिन ये चर्चा नहीं होने देना चाहते। अब जनता तय करे कि कौन भाग रहा है। शाह ने कहा कि विपक्ष चर्चा कराने के लिए आज दोपहर दो बजे तक लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र दे दे और आज तीन बजे से अगले दिन तीन बजे तक सभी प्रकार की चर्चा हो जाए। उन्होंने कहा, मैं सदन में बैठूंगा, सभी को सुनूंगा और हर बिंदु का जवाब दूंगा। सरकार के पास छिपाने के लिए कुछ नहीं है। मैं इस बात पर भी चर्चा करूंगा कि आपने (विपक्ष) चर्चा क्यों नहीं चाही।श्श शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली राजग सरकार किसी भी मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है और विपक्ष को संसद की कार्यवाही चलने देनी चाहिए। गृह मंत्री ने कहा कि अब विपक्ष को तय करना है कि उन्हें चर्चा करनी है या हंगामा करना है।

## राहुल गांधी का अमित शाह पर तीखा हमला:

**बोले–लेक्चर सुनने में दिलचस्पी नहीं, सिर्फ यह बताएं कि गोली चलाने का आदेश किसने दिया**

(एजेंसी) नई दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान को लेकर उन पर निशाना साधा और कहा कि विपक्ष को उनका लेक्चर सुनने में कोई दिलचस्पी नहीं है, बल्कि उन्हें सिर्फ यह बताना चाहिए कि दिल्ली में छात्रों पर गोली चलाने का आदेश किसने दिया था। उन्होंने कहा कि यदि शाह ने आदेश दिया था तो वह दोषी हैं और यदि उन्हें इस बारे में जानकारी नहीं थी तो अक्षम हैं तथा इन दोनों ही परिस्थितियों में उन्हें इस्तीफा देना चाहिए। गांधी ने कहा, पिछले दिनों कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जी और मैंने संवाददाता सम्मेलन किया तथा अन्य विपक्षी दलों ने भी स्पष्ट कर दिया है कि शाह की काल्पनिक बातें सुनने में हमें कोई दिलचस्पी नहीं है। हम उनका लेक्चर सुनने में दिलचस्पी नहीं है। उन्होंने कहा, हमारी दिलचस्पी सिर्फ एक साधारण सवाल में है। और जब मैं हम कहता हूं, तो इसका मतलब इस देश की युवा पीढ़ी



से है। सवाल यह है कि दिल्ली में छात्रों पर गोली किसने चलवाई? एक छात्र को किसने अंधा कर दिया? छात्रों पर लाठियां चलाने का आदेश किसने दिया? उनका कहना था कि यह तो स्पष्ट है कि आदेश को गृह मंत्रालय ने लागू किया था। गांधी ने कहा, क्या अमित शाह ने छात्रों पर गोली चलाने का आदेश दिया था? अगर उन्होंने दिया था, तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए, क्योंकि इसके लिए वह दोषी हैं। और अगर उन्होंने आदेश नहीं दिया था, तो उन्हें इसलिए इस्तीफा दे देना चाहिए क्योंकि वह अक्षम हैं। उन्होंने दावा किया, अमित शाह 20 दिन के लिए गायब हो गए थे। उनके साथ संसद 30 गाड़ियां आती थीं और उनके घर के बाहर बहुत सारे पुलिस वाले खड़े रहते थे, ताकि कोई युवा न आ जाए। गांधी ने कहा, अमित शाह में हिम्मत नहीं है कि वह सदन में आएं। उन्होंने दावा किया, अमित शाह के गुब्बारे से हवा निकल गई है। अब आखिरी मिनट में फिर से हवा भरने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन गुब्बारा तो फट चुका है। इससे पहले, शाह ने बुधवार को विपक्ष पर पलटवार करते हुए कहा कि यदि विपक्ष छात्रों से जुड़े विषय पर चर्चा के लिए तैयार हो तो वह हर सवाल का जवाब देने के लिए तैयार हैं तथा सरकार के पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है। बीते 20 जुलाई को आरंभ हुए संसद के मानसून सत्र के दौरान दोनों सदनों में जारी गतिरोध के बीच शाह ने पहली बार सार्वजनिक रूप से अपना पक्ष रखा और आरोप लगाया कि विपक्ष चर्चा होने ही नहीं देना चाहता।

## संक्षिप्त समाचार

### वस्तु निर्यात दूसरी तिमाही में 131 अरब डॉलर के पार पहुंचने की संभावना : एग्जिम बैंक

(एजेंसी) नई दिल्ली। भारत के निर्यात–आयात बैंक (एग्जिम बैंक) ने अनुमान लगाया है कि देश का कुल वस्तु निर्यात चालू वित्त वर्ष 2026–27 की दूसरी तिमाही में 131 अरब डॉलर के पार पहुंच जायेगा। एग्जिम बैंक की बुधवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि दूसरी तिमाही में वस्तु निर्यात 17.6 प्रतिशत बढ़कर 131.2 अरब डॉलर रहने की संभावना है। इस अवधि में गैर–तेल निर्यात में 20.3 प्रतिशत और गैर–तेल तथा गैर–रत्न एवं आभूषण निर्यात में 20.5 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया गया है। गैर–तेल निर्यात 113.8 प्रतिशत और गैर–तेल तथा गैर–रत्न एवं आभूषण निर्यात 105.8 अरब डॉलर रहने की संभावना जताई गई है। कुल वस्तु निर्यात, गैर–तेल निर्यात तथा गैर–तेल एवं गैर–रत्न –आभूषण निर्यात की वृद्धि का अनुमान एग्जिम बैंक द्वारा प्रत्येक तिमाही में जारी किया जाता है। ये अनुमान संबंधित तिमाही के लिए मई, अगस्त, नवंबर और फरवरी के पहले पखवाड़े में जारी किए जाते हैं। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद निर्यात में यह बढ़ोतरी निर्यात बाजारों के भौगोलिक विविधीकरण में वृद्धि तथा प्रमुख व्यापारिक साझेदार देशों के साथ हाल में किये गये व्यापार समझौतों से उत्पन्न अनुकूल संभावनाओं के कारण संभव होगी। इसके अलावा, साझेदार देशों में मजबूत मांग भी देश के निर्यात को समर्थन दे रही है। एग्जिम बैंक का कहना है कि देश का निर्यात परिदृश्य सकारात्मक है। इसे घरेलू विनिर्माण के निरंतर विस्तार और विनिमय दर में होने वाले बदलावों से गति मिलने की उम्मीद है। हालांकि, भू–राजनीतिक संघर्षों और अंतरराष्ट्रीय कॅमोडिटी बाजारों में अस्थिरता नकारात्मक जोखिम बने हुए हैं।

### कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बीच शेयर बाजार में बड़ी गिरावट, सेंसेक्स 543 अंक टूटा

(एजेंसी) मुंबई। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बीच निवेशकों की धारणा प्रभावित होने से सेंसेक्स और निफ्टी बुधवार को गिरावट के साथ खुले। बीएसई सेंसेक्स 543.73 अंक टूटकर 77,610.52 अंक पर जबकि एनएसई निफ्टी 174.30 अंक फिसलकर 24,297.40 अंक पर कारोबार कर रहा है। सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से भारती एयरटेल, महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, अडानी पोर्ट्स, टाइटन और बजाज फाइनेंस के शेयर सबसे अधिक गिरावट में रहे। वहीं, भारतीय स्टेट बैंक, टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक और एशियन पेंट्स के शेयर बढ़त में रहे। एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी 4.59 प्रतिशत चढ़ा। जापान का निक्की–225 और चीन का एसएसई कम्पोजिट भी बढ़त में कारोबार कर रहे हैं जबकि हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट में रहा। अमेरिकी बाजार मंगलवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड का वायदा भाव 1.24 प्रतिशत चढ़कर 89.80 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को शुद्ध रूप से 258.55 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। सेंसेक्स मंगलवार को 388.19 अंक और निफ्टी 112.10 अंक की गिरावट के साथ बंद हुआ था।

## वायरल सीजेपी कैंपेन पर चिंता जताने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने जारी किया नोटिस

(एजेंसी) नई दिल्ली। फर्जी वकीलों, कानून की कथित फर्जी डिग्रियों और 'काकरोच जनता पार्टी' (सीजेपी) से जुड़े लोगों की गतिविधियों की जांच की मांग वाली जनहित याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सुनवाई की। मामले में कोर्ट ने केंद्र सरकार, बार काउंसिल ऑफ इंडिया (सीबीआई) और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिका में न्यायिक कार्यवाही के दौरान की गई टिप्पणियों के इंटरनेट मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर कथित व्यावसायिक इस्तेमाल को रोकने के लिए भी सुरक्षा उपाय लागू करने की मांग की गई है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जोयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की पीठ ने याचिका पर सुनवाई करते हुए मामले की अगली सुनवाई के लिए 10 सितंबर की तारीख तय की है। अब केंद्र सरकार, ठब् और ब्ठप् को याचिका में उठाए गए मुद्दों पर अपना पक्ष रखना होगा। याचिका में 15 मई को सुप्रीम कोर्ट में हुई एक सुनवाई का भी उल्लेख किया गया है। याचिकाकर्ता राजा चौधरी का दावा है कि उस सुनवाई के दौरान सीजेआई सूर्यकांत ने कथित तौर पर फर्जी डिग्री के आधार पर कानूनी पेशे में आने वाले लोगों के संदर्भ में 'परजीवी' और 'काकरोच जैसे युवा' जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया था। इन कथित टिप्पणियों के बाद सोशल मीडिया पर व्यापक चर्चा शुरू हुई। इसी दौरान 'काकरोच जनता पार्टी' नाम का एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म सामने आया। याचिका में दावा किया गया है कि बाद में यह प्लेटफॉर्म तेजी से एक बड़े डिजिटल मूवमेंट, ऑनलाइन ब्रांड और राजनीतिक प्रतीक के रूप में विकसित हुआ। याचिकाकर्ता ने



सुप्रीम कोर्ट से न्यायिक कार्यवाही के दौरान की गई टिप्पणियों और संस्थागत अभिव्यक्तियों के कथित व्यावसायिक इस्तेमाल पर रोक लगाने के लिए उचित व्यवस्था बनाने की मांग की है। याचिका में कहा गया है कि सोशल मीडिया कैंपेन, डिजिटल कंटेंट और अन्य माध्यमों के जरिए न्यायिक टिप्पणियों का इस्तेमाल कर कमाई करने की गतिविधियों पर निगरानी जरूरी है। हालांकि, याचिका में निष्पक्ष आलोचना, लोकतांत्रिक असहमति और व्यंग्य को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हिस्सा मानने की बात भी कही गई है। याचिकाकर्ता के मुताबिक, संवैधानिक व्यवस्था में न्यायपालिका की आलोचना और असहमति के लिए जगह है, लेकिन गंभीर न्यायिक कार्यवाही अथवा संस्थागत अभिव्यक्तियों का ऐसा व्यावसायिक इस्तेमाल नहीं होना चाहिए, जिससे न्यायपालिका और न्याय प्रशासन में लोगों के विश्वास पर प्रतिकूल असर पड़े। जनहित याचिका में फर्जी वकीलों और कानून की कथित फर्जी डिग्रियों से जुड़े मामलों की स्वतंत्र जांच कराने की मांग भी की गई है। याचिकाकर्ता ने सुझाव दिया है कि इस मामले की जांच ब्ठप् या किसी अन्य स्वतंत्र जांच एजेंसी से कराई जा सकती है। याचिका में कहा गया है कि जांच का दायरा उन शिकायतों और चिंताओं तक होना चाहिए, जिनमें न्यायिक व्यवस्था में फर्जी या धोखाधड़ी करने वाले लोगों के मौजूद होने की बात सामने आई है। इसके लिए सीबीआई और सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों की ओर से पहले व्यक्त की गई चिंताओं तथा संबंधित रिपोर्टों को भी आधार बनाने की मांग की गई है। याचिकाकर्ता का तर्क है कि फर्जी शैक्षणिक डिग्री के आधार पर किसी व्यक्ति का कानूनी पेशे में प्रवेश केवल संबंधित व्यक्ति तक सीमित समस्या नहीं है। इसका सीधा असर अदालतों में होने वाली कार्यवाही और न्यायिक व्यवस्था की विश्वसनीयता पर पड़ सकता है। इसी वजह से याचिका में फर्जी वकीलों की पहचान, उनकी डिग्रियों की जांच और जरूरत पड़ने पर स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराने की मांग की गई है। साथ ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर न्यायिक कार्यवाही की सामग्री के इस्तेमाल को लेकर भी स्पष्ट दिशानिर्देश बनाए जाने की मांग की गई है। सुप्रीम कोर्ट के नोटिस के बाद अब केंद्र सरकार, बीसीआई और सीबीआई का जवाब इस मामले में महत्वपूर्ण होगा। अगली सुनवाई 10 सितंबर को प्रस्तावित है। उस दौरान कोर्ट याचिका में उठाए गए मुद्दों, फर्जी वकीलों और कथित फर्जी डिग्रियों की जांच की मांग तथा न्यायिक टिप्पणियों के डिजिटल और व्यावसायिक इस्तेमाल से जुड़े पहलुओं पर आगे विचार कर सकता है। फिलहाल सुप्रीम कोर्ट ने संबंधित पक्षों से जवाब मांगा है। याचिका में लगाए गए आरोप और मांगी गई जांच की जरूरत पर अंतिम निर्णय आगे की न्यायिक कार्यवाही में होगा।

# सम्पादकीय

## जंतर मंतर के मुकाबले बहुत अलग है झारखंड के छात्रों का आंदोलन

मैं नफीस जाफरी द्वारा इस संपादकीय के लिखे जाने तक झारखंड में जेपीएससी और जेएसएससी की भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ियों को लेकर छात्रों का विरोध प्रदर्शन जारी था। बीते दिनों इस विरोध प्रदर्शन हिंसक रूप ले लिया जब पुलिस और छात्र आमने सामने आ गए। भीड़ को काबू में करने के लिए पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा और लाठीचार्ज भी देखने को मिल गया। जिसके बाद नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने हेमंत सरकार को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने छात्रों के खिलाफ इस्तेमाल हुए बल प्रयोग की निंदा की। राहुल गांधी ने लिखा कि प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर बल प्रयोग करना गलत है। छात्रों को शांतिपूर्ण विरोध का अधिकार है और बातचीत से ही समाधान निकल सकता है। झारखंड सरकार को इन छात्रों की बात सुननी चाहिए और हर समस्या का तुरंत समाधान करना चाहिए।



नफीस जाफरी

यहां यह बताते चले कि भाजपा और उसके सहयोगी दलों के साथ–साथ मीडिया का एक बड़ा वर्ग लगातार इस बात की मांग कर रहा है कि राहुल गांधी यहां दिल्ली में विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। यहां तक कि प्रयागराज भी गए लेकिन रांची क्यों नहीं जा रहे हैं। जहां तक राहुल का सवाल है तो उनका यही कहना है कि वे झारखंड में छात्रों के आंदोलन के साथ हैं। बहरहाल अब बात झारखंड में हो रहे छात्रों के आंदोलन की तो मालूम हो कि जुलाई में दिल्ली के जंतर–मंतर पर नीट पेपर लीक के खिलाफ छात्रों का जमावड़ा हुआ था। करीब सवा महीने चले आंदोलन के बाद शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा हुआ और तब जाकर प्रदर्शन समाप्त हुआ। इस प्रदर्शन के बाद से ही जेन जी की चर्चाएं तेज हैं। लेकिन अगस्त महीना झारखंड में हो रहे आंदोलन के चलते चर्चा में है। राजधानी रांची में छात्रों ने झारखंड लोक सेवा आयोग में भ्रष्टाचार और अनियमितता के खिलाफ आंदोलन छेड़ रखा है। छात्रों ने झारखंड विधानसभा के बाहर ही डेरा डाल दिया। इस घेराव को हटाने के लिए पुलिस ने बल प्रयोग भी किया है। लेकिन यहां का आंदोलन जंतर–मंतर के मुकाबले एक मामले में अलग है। रांची में प्रदर्शन करने वाले भी जेनजी हैं और दिल्ली में भी जेन जी ही थे। लेकिन बड़ा अंतर यह है कि दिल्ली में जहां गाली–गलौज और अभद्र भाषा का प्रयोग भी देखा गया, लेकिन रांची में ऐसा कुछ नहीं है। यहां परंपरागत छात्र प्रदर्शन दिखा और वे पूरी तरह अपने आंदोलन पर फोकस कर रहे हैं। उनके टारगेट पर कोई व्यक्ति, सरकार नहीं है बल्कि उनकी मांग व्यवस्था में बदलाव की है। यहां जंतर मंतर के आंदोलन की तरह किसी का इस्तीफा भी नहीं मांगा गया है। अब तक आंदोलन अनुशासित रहा है। इसके अलावा यह आंदोलन सोनम वांगचुक जैसी किसी चर्चित हस्ती के अनशन के चलते चर्चा में नहीं आया है बल्कि पूरी तरह छात्र नेता ही इसे लीड कर रहे हैं। इस आंदोलन के अनुशासन की देश भर में चर्चा हो रही है। कई बार पुलिस–प्रशासन की ओर से बल प्रयोग भी हुआ है, लेकिन अब तक छात्रों ने कोई उग्रता नहीं दिखाई है। यही नहीं जिस हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ वे प्रदर्शन कर रहे हैं, उसी के दिवंगत नेता शिबू सोरेन की तस्वीरें भी सम्मान के साथ लहरा रहे हैं। इसके अतिरिक्त अपनी मांगों के अलावा कोई अन्य बात नहीं कही गई है। किसी समाज, वर्ग को भी टारगेट नहीं किया गया है। दिल्ली के आंदोलन के दौरान सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी आपत्तिजनक टिप्पणियां हुईं थीं, लेकिन रांची में ऐसा अब तक नहीं दिखा है। यहां तक कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का नाम भी छात्र सम्मान से ले रहे हैं। उनकी बस इतनी अपील है कि सिस्टम में सुधार की मांग को स्वीकार किया जाए। सोनम वांगचुक वहां अनशन के लिए नहीं हैं, लेकिन खुद छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो ने मोर्चा संभाल रखा है। यहां किसी नेता के लिए अभद्र भाषा वाले पोस्टरों के बिना भी प्रभावी संदेश दिया जा रहा है। कभी ठेठ झारखंडी में तो कभी सहज हिंदी में बात करते छात्र अपनी मर्यादा लांघते नहीं दिखे हैं। यहां तक कि इन छात्रों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जन्मदिन पर बधाई भी दी।

# सावरकर विवाद पर भाजपा ने खींची "लक्ष्मण रेखा"



गुलफिशा खान

कांग्रेस सांसद राजमोहन उन्नीथन ने बीते दिनों अपने एक बयान में कहा कि केरल में "इस जन्म में पूरा 'वंदे मातरम्' नहीं गाया जाएगा। उन्नीथन ने कहा कि उन्हें मुख्य सचिव द्वारा राष्ट्रीय गीत के पूर्ण गायन के संबंध में दिए गए किसी निर्देश की जानकारी नहीं है, लेकिन "चाहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हमें गोली मारने की धमकी ही क्यों न दें। इसे पूरा नहीं गाया जाएगा। उन्होंने कहा, "यह उसी तरह गाया जाएगा जिस तरह अब तक गाया जाता रहा है। इससे अधिक कुछ नहीं गाया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि लोक भवन "ओछी राजनीति के केंद्र बन गए हैं और राज्यपाल अब धनबल के सहारे लोकतंत्र को खत्म करने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया, "ऐसे में हम राज्यपालों से क्या न्याय की उम्मीद कर सकते हैं? वे सभी केंद्र सरकार के गुलाम बन गए हैं। तो वहीं दूसरी ओर केरल में इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) और भाजपा के बीच विनायक दामोदर सावरकर के मुद्दे पर वाद–विवाद हो गया है। गौरतलब है कि भारतीय जनता पार्टी ने मुस्लिम लीग को चेतावनी दी कि वह विनायक दामोदर सावरकर से जुड़े एक सवाल के कारण एक शिक्षक को निलंबित किए जाने पर हुए विवाद को लेकर पार्टी को उकसाने की कोशिश न करे। इसके अलावा पार्टी ने वंदे मातरम् विवाद को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा, अगर ऐसा है, तो उन्हें इटली का राष्ट्रगान गाने दें। भाजपा की केरल इकाई के अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि अगर राज्य में कांग्रेस की प्रमुख सहयोगी मुस्लिम लीग कोई विशेष विमर्श को बनाने की पुरानी परिपाटी




की 'वापसी' की कोशिश करती है, तो भाजपा चुप नहीं बैठेगी। यहां यह बताते चलें कि केरल की कांग्रेस नीत संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) सरकार में शिक्षा विभाग इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) के विधायक के पास है। चंद्रशेखर ने कहा कि हमें उकसाएं नहीं। उन्होंने कहा कि मुस्लिम लीग को भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अहम भूमिका निभाने वाले सावरकर से जुड़े मामलों में दखल नहीं देना चाहिए। जैसा कि उल्लेखनीय है कि चंद्रशेखर ने राज्य में वंदे मातरम का पूरा संस्करण नहीं गाने के फैसले को लेकर राज्य की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि देश का राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत तब तय किए गए थे जब सत्ता में कांग्रेस की सरकार थी। चंद्रशेखर ने सवाल किया, तो फिर आज कांग्रेस के लोग क्यों कह रहे हैं कि हम यह अंतरा नहीं गाएंगे, हम वह अंतरा नहीं गाएंगे? भाजपा नेता का यह बयान केरल के स्वास्थ्य मंत्री के. मुरलीधरन और कांग्रेस सांसद राजमोहन उन्नीथन द्वारा 'वंदे मातरम' का पूरा संस्करण गाए जाने का विरोध करने के एक दिन बाद आया। चंद्रशेखर ने इस मामले पर कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत ऐसे विषय नहीं हैं जिन पर राजनीतिक दलों की सुविधा के अनुसार फैसला किया जाए। उन्होंने कहा, हम भारतीय, जो भारत के नागरिक हैं, इसे पूरा गाएंगे और राष्ट्रगान 'जन गण मन' को भी पूरा गाएंगे। चंद्रशेखर ने कहा कि अगर कांग्रेस को इससे कोई दिक्कत है, तो वह उसके नेताओं को इटली के राष्ट्रगान की एक प्रति भेज सकते हैं। अगर ऐसा है तो उन्हें इटली का राष्ट्रगान गाने दीजिए। जहां तक सावरकर के मुद्दे पर संस्पेंड हुए शिक्षक से जुडे विवाद का सवाल है तो इसी महीने की 6 अगस्त 2026 को केरल के कासरगोड जिले के स्कूलों में आयोजित प्राथमिक स्तर की फ्रीडम क्विज क्विज़ में पूछा गया था कि अंग्रेजों से सबसे अधिक सजा पाने वाले स्वतंत्रता सेनानी कौन थे और उत्तर कुंजी में वी.डी. सावरकर का नाम था। इसके बाद, इस मामले ने तूल पकड़ा। दरअसल वामपंथी दलों ने इसे शिक्षा का भगवाकरण करने और दक्षिणपंथी एजेंडे को आगे बढ़ाने का आरोप लगाया। इसके बाद राज्य सरकार ने जांच के आदेश दिए और इस सवाल को तैयार करने वाले टीचर गुरु प्रसाद को सस्पेंड कर दिया गया।

# खाप पंचायतों के निशाने पर "कंगना"



फरीद वारसी

एक्ट्रेस और मंडी से भाजपा सांसद कंगना रनौत तो हमेशा से ही दमदार रही हैं, लेकिन अब वो संसद की फैशन क्वीन भी बन चुकी हैं। एक तरफ संसद से कंगना के बयान वायरल रहते हैं, तो दूसरी तरफ उनके फैशन की भी खूब चर्चा होती है। वहीं कुछ लोगों का मानना है कि भाजपा सांसद कंगना रनौत अपने फैशन लुक से कही अधिक अपने विवादित बयानों के कारण ज्यादा चर्चा में रहती हैं। यह भी माना जाता है कि वैसे उनके निशाने पर खासतौर से विपक्ष और कांग्रेस के नेता राहुल गांधी कुछ ज्यादा ही रहते हैं। इसी क्रम में उन्होंने विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल गांधी ने छात्रों के मुद्दे पर चर्चा से इनकार कर दिया है। पहले उन्होंने कॉकरोच प्रोटेस्ट को लेकर कहा था कि उन्हें संसद में छात्रो के मुद्दे पर चर्चा करनी है। लेकिन जब सरकार इसके लिए तैयार हुई तो वो पीछे हट गए। तो इस तरह से आप देख सकते हैं कि वो (राहुल गांधी) देश को कितना धोखा रहे हैं। उन्होंने एक दिन भी संसद चलने नहीं दी है। इस दौरान भाजपा सांसद कंगना रनौत झारखंड में हुए अन्याय पर राहुल गांधी जवाब दो के नारे लगाती नजर आई। जो जतंर–मतंर पर चले जेनजी के आंदोलन के बाद इस लिए सुर्खियों में आई थीं कि उन्होंने जेनजी के खिलाफ बहुत ही विवादित बयान दिये थे। बाद में एक मौके पर भाजपा सांसद कंगना रनौत जेनजी की तारीफ करती हुई भी नजर आई थीं। अब यह बात अलग है कि जेनजी के संबंध में पहले दिए गए बयानों के कारण वे हरियाणा की खाप पंचायतों की नाराजगी का कारण बन गईं। विदित हो कि हरियाणा के जींद के कंडेला गांव में सर्वजातीय खाप पंचायत का आयोजन किया गया। कंडेला खाप के ऐतिहासिक चबूतरे पर हुई पंचायत में जिले की 25 खापों के प्रतिनिधि शामिल हुए। पंचायत में गंदे गाने, गन कल्चर, नशा, लिव–इन रिलेशनशिप, समेत कई मुद्दों पर चर्चा हुई। पंचायत में इन मुद्दों को लेकर कई फैसले लिए गए। पंचायत में गंदा प्रचार करने वाले गंदे गाने और गन कल्चर का इस्तेमाल करने वालों के बहिष्कार का फैसला लिया गया। खाप प्रतिनिधियों ने कहा कि गांवों में नशा तेजी से फैल रहा है और सरकार से सूखा नशा बंद करवाने की मांग की गई। पंचायत में नशे के खिलाफ प्रचार–प्रसार करने और गांवों में लोगों को जागरूक करने का फैसला भी लिया गया। नशे की बीमारी, गंदा कल्चर और डीजे को लेकर गांव वालों को जागरूक किया जाएगा। कंडेला खाप के संरक्षक ईश्वर सिंह ने कहा कि लिव–इन और गंद–गन कल्चर के खिलाफ प्रस्ताव पास किया गया है। उनका कहना है कि गंदा गाना और गंदा बोलना समाज के हित में नहीं है। ईश्वर सिंह के मुताबिक, कंडेला से इसको लेकर हुंकार भरी गई है। गांव स्तर पर खापें कमेटियां बनाकर प्रचार करेंगी और गंद–गन कल्चर के खिलाफ प्रचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि खाप पंचायत के दायरे में डीजे नहीं बजेगा और इसे सख्ती से लागू किया जाएगा। पंचायत में लिव–इन रिलेशनशिप को लेकर भी फैसला लिया गया। खाप प्रतिनिधियों ने कहा कि लिव–इन रिलेशन को लेकर राज्य सरकार कानून बना





सकती है। कंडेला खाप के संरक्षक ईश्वर सिंह ने लिव–इन रिलेशनशिप को खतरनाक बताया और कहा कि लिव–इन रिलेशनशिप और लव मैरिज को लेकर सरकार कानून बनाए। कंडेला खाप के प्रधान ओमप्रकाश ने कहा कि लव मैरिज में मां–बाप की सहमति होनी चाहिए। उन्होंने लिव–इन रिलेशनशिप को गंदा रिवाज शुरू होने की बात कही। वहीं, नौगामा खाप के पूर्व प्रधान सुरेश वैभलपुर ने लिव–इन को विदेशी कल्चर बताया। उन्होंने कहा कि लिव–इन में रहने वालों की जिम्मेदारी सरकार ले और लिव–इन खत्म होना चाहिए। सिर्फ इतना ही नहीं खाप पंचायत में भाजपा सांसद कंगना रनौत के खिलाफ निंदा प्रस्ताव भी पास किया गया। पंचायत में उनके 'गटर' वाले बयान को लेकर चर्चा हुई। पंचायत में फैसला हुआ कि कंगना रनौत ने बच्चों के आंदोलन पर गंदा बोला है। पंचायत में कहा गया कि इस तरह की भाषा का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए और कंगना रनौत पर एफआईआर होनी चाहिए। कंडेला खाप के संरक्षक ईश्वर सिंह ने कहा कि कंगना रनौत सेलिब्रिटी हैं। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा सांसद के तौर पर बच्चों के खिलाफ गंदी भाषा का इस्तेमाल करेंगी तो क्या प्रतिनिधित्व करेंगी? सुरेश वैभलपुर ने कहा कि खासतौर से लिव–इन वाले मुद्दे को लेकर सभी खाप प्रतिनिधि मुख्यमंत्री नायब सैनी के पास जाएंगे। सुरेश का तरफ से यह भी कहा गया कि कार्रवाई नहीं होने पर डीसी ऑफिस के बाहर धरना दिया जाएगा। पूर्व प्रधान सुरेश वैभलपुर ने कहा कि पिस्टल लहराने और गंद के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। गांव–गांव जाकर कमेटियां बनाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि डीजे पर गंदा गाना बजाना सहन नहीं किया जाएगा और डीजे पर गंदा गाना बजाने पर कार्रवाई होगी। यहां यह बताते चलें कि कंडेला खाप 14 गांवों का प्रतिनिधित्व करती है और इसी की तरफ से सर्व समाज खाप पंचायत का आयोजन किया गया था। जैसा कि उल्लेखनीय है कि पंचायत में गंदे गाने –गन कल्चर, नशे, लिव–इन रिलेशनशिप, पाखंडवाद, डीजे पर गंदे गाने और अन्य सामाजिक मुद्दों पर चर्चा हुई। पंचायत में लिए गए फैसलों को गांव–गांव तक ले जाने की तैयारी है। खाप पदाधिकारियों के मुताबिक सामाजिक बुराइयों के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा।

# मोटा महादेव मंदिर पहुंचे डीएम-एसपी, कांवड़ियों के लिए कराया भंडारा

न्यूज वाणी ब्यूरो

मंडावली, बिजनौर। कांवड़ यात्रा को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस पूरी तरह सतर्क है। बुधवार को जिलाधिकारी जसजीत कौर और पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने थाना मंडावली क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध मोटा महादेव मंदिर पहुंचकर कांवड़ यात्रा की व्यवस्थाओं और सुरक्षा इंतजामों का निरीक्षण किया। इस दौरान कांवड़ियों के लिए भंडारे का आयोजन कराया गया। जिलाधिकारी ने मंदिर परिसर में पहुंचने वाले कांवड़ियों और श्रद्धालुओं को खाद्य सामग्री वितरित की और उनसे बातचीत कर यात्रा के दौरान मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। पेयजल, भोजन, चिकित्सा, स्वच्छता, प्रकाश और अन्य जरूरी सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। एसपी अभिषेक झा ने मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को पूरी सतर्कता और मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने तथा कांवड़ियों एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। थाना प्रभारी मंडावली वीरेंद्र कुमार ने पुलिस टीम के साथ सुरक्षा व्यवस्था संभाली। अधिकारियों ने कहा कि कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन और पुलिस की टीमें लगातार निगरानी कर रही हैं। इस अवसर पर एसपी सिटी, एसडीएम नजीबाबाद, सीओ नजीबाबाद, थाना प्रभारी मंडावली, कांवड़ सुरक्षा निरीक्षक राकेश कुमार समेत पुलिस एवं प्रशासन के अन्य अधिकारी–कर्मचारी मौजूद रहे।



# एसडीएम ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो /नगीना, बिजनौर। एसडीएम प्रिंस कुमार यादव ने पुरैनी स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण कर छात्राओं को उपलब्ध कराई जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकांश व्यवस्थाएं दुरुस्त मिलीं। एसडीएम ने विद्यालय परिसर, छात्रावास, रसोईघर, भोजन व्यवस्था समेत अन्य स्थानों का बारीकी से निरीक्षण किया। एसडीएम ने छात्राओं को अपने हाथों से भोजन परोसा और खाने की गुणवत्ता भी परखी। उन्होंने रसोईघर में तैयार किए जा रहे भोजन के साथ–साथ कच्चे राशन की भी जांच की। राशन में इस्तेमाल किए जा रहे ब्रांडेड उत्पादों की गुणवत्ता और उनकी पैकिंग आदि को भी देखा गया। अधिकारियों ने विद्यालय में उपलब्ध खाद्य सामग्री के रखरखाव की जानकारी भी ली। निरीक्षण के दौरान कुछ छोटी–मोटी कमियां मिलने पर एसडीएम ने संबंधित स्टाफ को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं को बेहतर शैक्षिक माहौल के साथ स्वच्छ, पौष्टिक और गुणवत्तापूर्ण भोजन मिलना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कमियों को जल्द दूर कर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए।एसडीएम ने परिसर में साफ–सफाई और छात्राओं की सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि विद्यालय की व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार



की लापरवाही न बरती जाए और समय–समय पर सभी व्यवस्थाओं की जांच करते हुए आवश्यक सुधार किए जाएं।


# मोहम्मद शमी के लिए अब आगे का रास्ता क्या?



शबाब हुसैन

बीते कुछ दिनों से मीडिया में तैर रही खबरों पर आखिरकार भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने मुहर लगाते हुए कंफर्म किया कि साई सुदर्शन 15 अगस्त से श्रीलंका के खिलाफ शुरू होने जा रही टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं और मध्यक्रम के बल्लेबाज सरफराज खान ने उन्हें रिप्लेस किया है। सरफराज की लंबे समय बाद भारतीय टीम में एंट्री हुई है। दाएं हाथ के बल्लेबाज, जो भारत के लिए अब तक छह टेस्ट खेल चुके हैं और 372 रन बना चुके हैं, घरेलू क्रिकेट में शानदार परफॉर्मेंस के बावजूद टीम से बाहर बैठे रहे। बहरहाल उन्हें आखिरकार इसका इनाम मिला है। अपने सिलेक्शन के ठीक बाद, सरफराज ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया, जो देखते ही देखते वायरल हो गया। बहरहाल अब बात भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की तो सवाल यह है कि भारतीय क्रिकेट सेटअप में मोहम्मद शमी के लिए आगे का रास्ता क्या है? फिलहाल, अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति इस अनुभवी तेज गेंदबाज की राष्ट्रीय टीम में वापसी के लिए उत्सुक नहीं दिख रही है। अगले साल वनडे वर्ल्ड कप का आयोजन होना है और इसके लिए भारत ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। बुमराह जैसे के चोटिल होने पर भी चयनकर्ता अन्य विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। इन परिस्थितियों के बावजूद, सेलेक्शन बैठकों में 2023 विश्व कप में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज के नाम पर चर्चा तक नहीं हो रही है। वहीं अब पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज जहीर खान ने भी शमी के मामले पर चुप्पी तोड़ी है। जहीर की मानें तो शमी को वापसी की उम्मीद नहीं छोड़नी चाहिए। भारत के सफलतम तेज गेंदबाजों में शामिल जहीर खान से जब मोहम्मद शमी को लेकर सवाल हुआ तो इस उन्होंने अपनी ईमानदार राय शेयर की। पूर्व सीमर ने माना कि भारतीय टीम की प्राथमिकताएं अभी कहीं और हैं। हालांकि, ज़हीर को नहीं लगता कि शमी को हार मान लेनी चाहिए। जहीर खान ने टाइम्स ऑफ इंडिया से बात करते हुए कहा,यह आपका फैसला है, आप किस तरह आगे बढ़ना चाहते हैं। अगर आप मैच खेल रहे हैं और अच्छा परफॉर्म कर रहे हैं, तो आप उपलब्ध रहते हैं। मैं चीजों को इसी तरह देखता हूं। टीम की सोच अलग है, लेकिन आपके सोचने का तरीका महत्वपूर्ण है। अगर आप योगदान देना चाहते हैं, तो यह आपका फैसला है। जहीर ने आगे कहा,टीम जिस तरह से चीजों को देख रही है और स्कीम ऑफ थिंग्स में क्या चल रहा है, कभी–कभी आप एनालाइज कर सकते हैं कि आप कैसे सोच रहे हैं। लेकिन आप उसमें कैसे अपना योदगान दे सकते हैं? एक प्लेयर के तौर पर, आपको वही करना चाहिए जो शमी कर रहा है। वह खेल रहा है। जैसा आपने कहा, वह मैच खेल रहा है। यह इंपॉर्टेंट है। तो वहीं दूसरी ओर ज़हीर से भारतीय खिलाड़ियों की बढ़ती इंजरी लिस्ट के बारे में भी पूछा गया। बुमराह लगातार दो सीरीज़ के लिए खुद को फिट रखने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, वहीं वाशिंगटन सुंदर, बी साई सुदर्शन, रोहित शर्मा, हार्दिक पांड्या की फिटनेस को लेकर भी सवाल है। हालांकि, ज़हीर ने इसे बस खेल का हिस्सा माना है। उन्होंने कहा,चोटें खेल का हिस्सा हैं। वे हर इंसान के




सफ़र का हिस्सा हैं। आप वर्कलोड मैनेजमेंट के बारे में बात कर सकते हैं, लेकिन आपको घटनाओं की टाइमिंग को भी समझना होगा। आप कुछ चीज़ें देख सकते हैं, लेकिन कुल मिलाकर, आपको उसी हिसाब से प्लान बनाना होगा। अगर किसी तेज़ गेंदबाज़ को चोट लगती है या वह मुश्किल दौर से गुज़रता है, तो अपने हाथों में चीज़ों को कंट्रोल करना बहुत ज़रूरी है। आपको उन्हें ठीक से कंट्रोल करना होगा। जब तक आपको असली वजह का पता नहीं चलता, आप आगे नहीं बढ़ सकते।

# मिशन शक्ति टीम ने छात्रों को किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मिशन शक्ति अभियान फेज–5 के द्वितीय चरण के तहत थाना कोतवाली पुलिस द्वारा जीआईसी इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति एवं साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन तथा साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में छात्र–छात्राओं एवं उपस्थित लोगों



को महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। इनमें पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102 एवं 108, वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 प्रमुख हैं। पुलिस टीम ने साइबर अपराधों से बचाव के लिए जागरूक करते हुए बताया कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी, बैंक संबंधी जानकारी अथवा अन्य गोपनीय जानकारी साझा न करें। किसी संदिग्ध या अज्ञात लिंक पर क्लिक करने से बचें तथा ऑनलाइन लेन–देन करते समय विशेष सावधानी बरतें। सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते समय भी अपनी निजी जानकारी को सुरक्षित रखने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को साइबर अपराध की स्थिति में तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत करने तथा आवश्यक सावधानियां बरतने के संबंध में जानकारी दी गई। पुलिस टीम द्वारा जागरूकता पंपलेट वितरित कर महिला सुरक्षा एवं साइबर सुरक्षा के उपायों से भी अवगत कराया गया। इटावा पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के साथ–साथ आमजन को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

# पिछड़ा वर्ग की गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी के लिए बीस हजार अनुदान

## –771 लाभार्थियों हेतु 154.20 लाख का बजट

संवाददाता

हमीरपुर। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित अन्य पिछड़े वर्ग (अल्पसंख्यक समुदाय को छोड़कर) के गरीब व्यक्तियों की पुत्री की शादी अनुदान योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026–27 में जनपद में 771 लाभार्थियों के लिए 154.20 लाख का बजट प्राविधान किया गया है। शासन द्वारा योजना के अन्तर्गत प्रति लाभार्थी को बीस हजार रुपए की अनुदान राशि निर्धारित की गई है।जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अमित सोनकर ने बताया कि योजना का लाभ प्राप्त करने के इच्छुक पात्र लाभार्थी विभागीय वेबसाइट ींकपंदनकंद.नचेकब.हवअ.पद के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन करने के उपरान्त सभी आवश्यक संलग्नकों सहित आवेदन संबंधित उपजिलाधिकारी/खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय में सात दिवस के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा।आवेदन के लिए प्रमुख दिशा–निर्देश ऑनलाइन आवेदन शादी की तिथि से 90 दिन पूर्व अथवा 90 दिन बाद तक किया जा सकता है।आवेदक अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक वर्ग को छोड़कर) का निर्धन व्यक्ति होना चाहिए तथा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में उसकी वार्षिक आय ध्1,00,000 से अधिक नहीं होनी चाहिए। तहसीलदार द्वारा निर्गत पिता का आय प्रमाण पत्र एवं जाति प्रमाण पत्र ऑनलाइन आवेदन में अंकित किया जाना होगा। पिता की मृत्यु होने की स्थिति में माता का आय एवं जाति प्रमाण पत्र मान्य होगा। शादी का कार्ड ग्राम प्रधान/सभासद द्वारा प्रमाणित होना चाहिए।वर एवं वधू का आधार कार्ड अथवा उम्र का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। आवेदक का आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति संलग्न करनी होगी।आवेदक एवं पुत्री का मोबाइल नंबर आधार कार्ड से लिंक होना अनिवार्य है। योजना से संबंधित अधिक जानकारी अथवा सहायता के लिए किसी भी कार्य दिवस में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय, विकास भवन, कुछेछा, हमीरपुर, कमरा संख्या–104 में संपर्क किया जा सकता है।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्मे वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्में वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफ्ट कान्टेक्ट लेन्स लगाये जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, आबू-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद
जी.टी. रोड, फतेहपुर
MBBS. (H) P.M.P
हाजी खलीक अहमद जाफरी
सम्पादक कारवाने हक
9415065213
एफ.ए.जाफरी
D.R. (Opt.)
7379440876

# हाथों में तिरंगा, जुबां पर भारत माता की जय, राष्ट्रभक्ति में डूबा शहर

## -कलेक्ट्रेट से मेमोरियल मैदान तक निकली तिरंगा पदयात्रा, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने जीता दिल

संवाददाता लखीमपुर खीरी। तिरंगा हाथों में था, दिलों में देशभक्ति का जज्बा और जुबां पर 'भारत माता की जय' के नारे। मंगलवार सुबह शहर की सड़कें राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग गईं। 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत जिला प्रशासन की ओर से निकली तिरंगा पदयात्रा में जनप्रतिनिधियों से लेकर अफसर, स्कूली बच्चे, एनसीसी कैडेट्स, स्काउट–गाइड, सरकारी कर्मचारी, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि और आमजन एक साथ कदमताल करते नजर आए। कलेक्ट्रेट से निकला देशभक्ति का कारवां कलेक्ट्रेट से तिरंगा पदयात्रा का शुभारंभ विधायक सदर योगेश वर्मा, धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी, डीएम अंजनी कुमार सिंह और सीडीओ अभिषेक कुमार ने किया। शुभारंभ के बाद जनप्रतिनिधि और अधिकारी स्वयं हाथों में तिरंगा लेकर पदयात्रा में शामिल हुए। उनके साथ बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे और युवा भी कदमताल करते नजर आए। कलेक्ट्रेट से शुरू हुआ पदयात्रा का कारवां मां जानकी (सौजन्या) चौक, गुरु गोविंद सिंह चौक, घंटाघर, जीआईसी और परशुराम चौक होते हुए मेमोरियल मैदान पहुंचा। रास्तेभर 'वंदे मातरम' और 'भारत माता की जय' के जयघोष गूंजते रहे। हाथों में लहराते तिरंगे और



देशभक्ति के नारों से उत्साहित बच्चे लोगों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। अफसर भी बने कारवां का हिस्सा, बच्चों ने बढ़ाया जोश तिरंगा पदयात्रा में एनसीसी कैडेट्स, स्काउट–गाइड, छात्र–छात्राओं, स्वयंसेवी संस्थाओं और सरकारी कर्मचारियों की भागीदारी ने इसे जनअभियान का स्वरूप दिया। डीएम अंजनी कुमार सिंह, सीडीओ अभिषेक कुमार, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, ब्रजपाल सिंह समेत प्रशासनिक अधिकारी पूरे रास्ते पदयात्रा में शामिल रहे। अधिकारियों ने तिरंगे के सम्मान के साथ ही नागरिकों को देश के प्रति अपने दायित्वों के निर्वहन का संदेश दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। 'हर घर तिरंगा' अभियान राष्ट्रप्रेम, सम्मान और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करता है। आजादी के वीरों के त्याग और बलिदान से मिले स्वतंत्र भारत की एकता–अखंडता को मजबूत करते हुए सभी विकसित भारत के निर्माण में योगदान दें। विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने कहा कि तिरंगा हर भारतीय के गौरव और स्वाभिमान का प्रतीक है। 'हर घर तिरंगा' अभियान राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना को जन–जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। युवाओं और विद्यार्थियों को स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। कर्तव्य और जिम्मेदारी का भी प्रतीक है तिरंगा रू डीएम डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि तिरंगा केवल राष्ट्रध्वज नहीं, बल्कि हमारे कर्तव्यों और एक जिम्मेदारियों का भी प्रतीक है। 'हर घर तिरंगा' अभियान से देशभक्ति को जनभागीदारी से जोड़ने का अवसर मिला है। उन्होंने सभी से राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करने का आह्वान किया। सीडीओ ने जताया आभार कार्यक्रम के अंत में सीडीओ अभिषेक कुमार ने सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, विद्यार्थियों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं आमजन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि तिरंगा पदयात्रा ने जिले में राष्ट्रभक्ति और जनभागीदारी की भावना को नई ऊर्जा दी है।

# संवैधानिक अधिकारों की गारंटी करें सरकार

## -पूर्वांचल यात्रा ने महाविद्यालय और कचहरी में किया जनसंपर्क संवाद

संवाददाता जौनपुर। संविधान की शपथ लेकर सरकार में आए



लोगों का यह संवैधानिक दायित्व है कि वह व्यक्ति की गरिमा को स्थापित करें और गरिमापूर्ण जीवन के लिए रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेंशन व आवास की गारंटी करें। यह बातें आज रोजगार–सामाजिक अधिकार अभियान की पूर्वांचल यात्रा में जौनपुर शहर में टीडी कॉलेज, राज कॉलेज में छात्रों व अध्यापकों से संवाद और जिला कलेक्ट्रेट व दीवानी में अधिवक्ताओं से संपर्क करते हुए उठी। वक्ताओं ने कहा कि देश में संसाधनों की कमी नहीं है, बशर्ते सरकार कॉर्पोरेट की संपत्ति पर मात्र दो प्रतिशत संपत्ति टैक्स लगाए और काली पूंजी का नियंत्रण करें तो मौजूदा बजट का आकार बढ़ाया जा सकता है और जन कल्याण पर ज्यादा खर्च किया जा सकता है। लोगों को यह भी बताया गया कि उत्तर प्रदेश का विकास अवरुद्ध है। सरकार का पूंजी निवेश का सारा दावा खोखला है और इन्वेस्टर सबमिट एक मजाक बनकर रह गई। सच्चाई यह है कि प्रदेश के लोगों की बैंकों में जमा पूंजी यहां से दूसरे प्रदेशों में चली जा रही है। इसे यहां निवेश नहीं किया जा रहा। यात्रा में यह बात भी प्रमुखता से उठी कि प्रदेश की बैंकों में जमा पूंजी प्रदेश में ही लगाई जाए और रोजगार सृजन पर इसको खर्च किया जाए। पूर्वांचल यात्रा का जौनपुर में स्वागत पूर्व विधायक अरशद खान ने किया और गांधीवादी सर्वोदय मंडल अध्यक्ष शिराज अहमद ने धन्यवाद दिया। संवाद का संचालन डॉ. शम्मी कुमार सिंह ने किया। पूर्वांचल यात्रा में हुए संवाद को आल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के प्रदेश महासचिव दिनकर कपूर, यात्रा संयोजक मंडल सदस्य डॉ. राम प्रकाश गौतम, रोजगार अधिकार अभियान के नेशनल कोऑर्डिनेटर राजेश सचान, जफर अहमद, रूबी सिंह गोड़, सिकंदरपुर महाविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष निशांत राज, अर्जुन प्रसाद, गुलशन गोड, इंद्रदेव खरवार –पाशंकर पनिका आदि लोगों ने संबोधित किया।

# नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव ने सुनीं जनसमस्याएं, निस्तारण के दिए निर्देश

संवाददाता लखीमपुर–खीरी। नगर पालिका परिषद, लखीमपुर–खीरी में आयोजित जनसुनवाई में नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जलकल, निर्माण, लाइट, साफ–सफाई, अतिक्रमण तथा गृहकर–जलकर से संबंधित कुल 24 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें पानी के कनेक्शन, नाली व सड़क निर्माण/मरम्मत, स्ट्रीट लाइट, सफाई, अवैध कब्जे व निर्माण तथा गृहकर– जलकर से संबंधित शिकायतें प्रमुख रहीं। अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव ने अधिकारियों को मौके का निरीक्षण कर नियमानुसार कार्रवाई करने और शिकायतों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगरवासियों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान नगर पालिका की प्राथमिकता है। इस अवसर पर जेई (सिविल) समरा



सईद, जेई (जलकल) जितेन्द्र, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक विशाल शुक्ला व मुरारी लाल, लिपिक देवशीष मुखर्जी, अभय सक्सेना, निर्माण लिपिक यतेंद्र बहादुर तथा सर्वेयर अमित सोनी सहित नगर पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत कसमंडीकलां में विकास के नाम पर रास्तो पर बह रहा गंदा पानी



संवाददाता मलिहाबाद, लखनऊ । विकास की गंगा तो आपको नहीं देखनी को मिलेगी लेकिन गांव के रास्तों पर आपको गंदा पानी जरूर बहता हुआ देखने को जरूर मिलेगा। जिन रास्तों से ग्रामीणों के साथ–साथ नन्हे मुन्ने बच्चे स्कूलों को जाते आते है। ग्रामीणों ने शिकायत दर्ज करा गांव के रास्तों को बनवाने की मांग उच्चाधिकारियों से की है। विकासखंड मलिहाबाद की ग्राम पंचायत आज कल चर्चा का विषय बनी हुई है। कहीं महाराजा कंसा पासी के किले तो कहीं महीनों से लंबित पड़े जन्म प्रमाण पत्रों को लेकर, अब एक नया ताजा मामला सामने आया है। जिसमें ग्रामीणों ने विकास का मुद्दा उठा ग्राम पंचायत सचिव पर गंभीर आरोप लगाये है। इसी ग्राम पंचायत के दर्जनों ग्रामीणों ने संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि उनकी ग्राम पंचायत में आधा दर्जन से अधिक खड़ंजा मार्ग जलभराव होने से अवरुद्ध है। इसी गांव की निवासी आरिफ, फाजिल, जमाल अहमद, चांदबाबू, जुबेर, नदीम सहित दर्जनों ग्रामीणों ने शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उनके गांव के नूरू के घर से उस्मानिया मस्जिद तक, उस्मान कुरैशी के घर से मस्जिद रास्ता होते हुए रामनाथ बढ़ई के घर तक सहित आधा दर्जन मार्ग ध्वस्त व उखड़े पड़े है। इन्हीं मार्गों पर आये दिन हो रही बरसात से जलभराव हो गया है। इन्हीं मार्गों से स्कूली बच्चे स्कूल जाते है साथ ही नमाजी अपनी नमाज अदा करने के लिये मस्जिद जाते है। ग्रामीणों का कहना है कि उक्त मार्ग बनवाने के लिए कई बार सचिव सहित उच्चाधिकारियों से शिकायती पत्र दे चुके है। जिनपर सचिव का जवाब आता है कि कार्ययोजना में डालकर जल्द ही काम करवा दिया जाएगा । जबकि ग्रामीणों का कहना है कि उक्त काम कार्ययोजना में पड़े है।

# संक्षिप्त समाचार

## संसारपुर से निकली भव्य तिरंगा यात्रा, देशभक्ति के रंग में रंगा क्षेत्र

### –पलिया विधायक रोमी साहनी के नेतृत्व में निकली तिरंगा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

संवाददाता लखीमपुर खीरी। आज संसारपुर क्षेत्र में पलिया विधायक रोमी साहनी के नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों, युवाओं, महिलाओं और भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों के साथ निकले लोगों ने पूरे वातावरण को राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग दिया। तिरंगा यात्रा के दौरान जगह–जगह लोगों ने यात्रा का स्वागत किया। देशभक्ति गीतों और भारत माता के जयकारों से वातावरण गूंजता रहा। यात्रा में शामिल लोगों के हाथों में लहराते तिरंगे



आकर्षण का केंद्र रहे। युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला और उन्होंने पूरे जोश के साथ यात्रा में सहभागिता की। पलिया विधायक रोमी साहनी ने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। तिरंगे के प्रति सम्मान प्रत्येक भारतीय के दिल में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसी यात्राएं लोगों में राष्ट्रप्रेम और एकता की भावना को मजबूत करती हैं। तिरंगा यात्रा में शामिल लोगों ने देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने का संकल्प लिया। भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। यात्रा के समापन पर विधायक रोमी साहनी ने सभी लोगों को धन्यवाद देते हुए राष्ट्रहित में इसी प्रकार एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया।

## संदिग्ध हालत में विवाहिता की मौत, हत्या का आरोप

संवाददाता फतेहपुर। ललौली थाना क्षेत्र के ग्राम उनई मजरे कोर्रा कनक में संदिग्ध परिस्थितियों में 21 वर्षीय महिला ने घर के अंदर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मृतका के परिजनों ने ससुरालीजनों पर हत्या का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार उनई मजरे कोर्राकनक गांव निवासी साहिल सिंह की पत्नी नेहा सिंह ने संदिग्ध अवस्था में घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। मृतका के परिजनों ने बताया कि नेहा की शादी पांच मई 2026 को हुई थी। ससुरालीजनों ने दहेज की खातिर उसकी पुत्री की हत्या कर दी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण ज्ञात हो सकेगा।

## वार्ड बॉय राम सिंह का बीमारी से निधन

### –राजपुर स्वास्थ्य केंद्र स्टाफ ने दी श्रद्धांजलि, आर्थिक मदद का ऐलान

संवाददाता कानपुर देहात। राजपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत वार्ड बॉय राम सिंह का बीमारी के कारण निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलने पर स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के



डॉ. शिवनाथ त्रिपाठी ने बताया कि वार्ड बॉय राम सिंह अत्यंत सरल स्वभाव के व्यक्ति थे। वे अपने कार्य के प्रति सजग रहते थे और समय पर अपनी ड्यूटी निभाते थे। डॉ. त्रिपाठी ने उनके निधन पर दुख व्यक्त करते हुए आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के वरिष्ठ लिपिक नरेंद्र सिंह ने जानकारी दी कि स्वास्थ्य विभाग मृतक राम सिंह के परिवार को आर्थिक सहयोग प्रदान करने के लिए आगे आएगा। उन्होंने बताया कि जल्द ही उनके परिवार की हर संभव मदद की जाएगी। इस अवसर पर डॉ. हरदीप सिंह, डॉ. नीलू कटियार, फार्मासिस्ट शंकर सिंह, स्टाफ नर्स निवेदिता कटियार, अभिरुचि यादव और मुकेश शुक्ला सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## नितिन सिंह राठौर ने थाईलैंड में गोल्ड जीत बढाया क्षेत्र का मान

संवाददाता सुमेरपुर(हमीरपुर)। ग्राम पंचायत पलरा के निवासी युवक ने थाईलैंड के पटाया में आयोजित ओपन टूर्नामेंट हीरोज कप में ताइक्वांडो खेल में हिस्सा लेकर गोल्ड मेडल जीतकर घर परिवार के साथ देश का नाम रोशन किया है। युवक की सफलता पर गांव में हर्ष का माहौल है।पलरा निवासी राम मोहन सिंह राठौर के पुत्र नितिन सिंह राठौर ने थाईलैंड के पटाया शहर में आयोजित ताइक्वांडो खेल के ओपन टूर्नामेंट के हीरोज कप में प्रतिभाग करके गोल्ड मेडल जीतकर गांव,घर,परिवार, देश का नाम रोशन किया है। युवक की इस सफलता पर गांव में हर्ष का माहौल है। गांव के पूर्व प्रधान भगवान सिंह राठौर, इंद्रपाल सिंह यादव, जगवान श्रीवास, राजा सिंह यादव आदि ने युवक की सफलता पर हर्ष जताया है। गांव के प्रशासक रामखिलावन श्रीवास ने बताया कि राममोहन सिंह परिवार के साथ दो दशक से ज्यादा समय से भोपाल में रह रहे हैं। परिवार के अन्य लोग गांव में रहते हैं। उनका अभी भी गांव आना–जाना होता है। युवक की इस सफलता से गांव का नाम विश्व पटल पर रोशन हुआ है।

# गौ-आधारित प्राकृतिक खेती से किसान की बदली राह, बढ़ी आय व खेत की उर्वरता

## - रासायनिक खेती से प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ाया कदम

## - 3.4 हेक्टेयर भूमि पर अपना रहे गौ-आधारित प्राकृतिक खेती

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। विकास खंड जसवंतनगर एवं तहसील जसवंतनगर के ग्राम सिरहौल निवासी किसान अरविंद प्रताप सिंह परिहार ने .षि विभाग इटावा के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण से गौ–आधारित प्रा.तिक खेती अपनाकर खेती के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। वर्ष 2016–17 में शुरू हुआ उनका यह प्रयास आज एक सफल एवं प्रेरणादायक .षि मॉडल के रूप में सामने आया है। अरविंद प्रताप सिंह परिहार पूर्व में अपने संपूर्ण .षि क्षेत्र में रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग करते थे। रासायनिक खेती के कारण बढ़ती लागत, मिट्टी की गुणवत्ता में कमी तथा पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों को देखते हुए .षि विभाग द्वारा उन्हें गौ–आधारित प्रा.तिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित एवं प्रशिक्षित किया गया। वर्ष 2016–17 में उन्होंने लगभग 0.4 हेक्टेयर भूमि में प्रा.तिक खेती की शुरुआत की। प्रारंभिक चरण में उन्होंने शाकभाजी के साथ–साथ सह–फसली बागवानी में अमरूद, बेर एवं केला आदि की खेती की। प्रा.तिक खेती के सकारात्मक परिणाम मिलने के बाद उन्होंने वर्ष 2020–21 में लगभग 1 हेक्टेयर भूमि में खरीफ में धान एवं बाजरा तथा रबी में सरसों एवं गेहूं की प्रा.तिक खेती शुरू की। साथ ही उन्होंने नई प्रजाति के काला गेहूं का भी उत्पादन किया, जिससे उत्पाद की गुणवत्ता एवं मूल्य में वृद्धि का लाभ मिला। .षि विभाग द्वारा समय–समय पर उनके प्रक्षेत्र का निरीक्षण किया गया तथा प्रा.तिक खेती में प्रयोग होने वाले विभिन्न जैविक अवयवों जैसे पंचगव्य, जीवामृत, घनजीवामृत एवं दशपर्णी अर्क आदि के निर्माण एवं उपयोग की जानकारी प्रदान की गई। अरविंद प्रताप सिंह परिहार को नेचुरल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग योजना के अंतर्गत जनपद के मास्टर ट्रेनर के प्रशिक्षण हेतु राज्य .षि प्रबंध संस्थान, रहमान खेड़ा, लखनऊ भेजा गया। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद उन्होंने प्रा.तिक खेती की तकनीकों को और बेहतर ढंग से अपनाया तथा अन्य किसानों को भी इसके लिए प्रेरित किया। वर्ष 2021–22 में उन्होंने अपने प्रा.तिक खेती के क्षेत्र को बढ़ाकर लगभग 3 हेक्टेयर कर लिया। वर्तमान में लगभग 3.4 हेक्टेयर भूमि पर गौ–आधारित प्रा.तिक खेती एवं विभिन्न फसल प्रणालियों के माध्यम से खेती की जा रही है।





प्रा.तिक खेती अपनाने से श्री परिहार को अनेक लाभ प्राप्त हुए। गौ–आधारित जैविक इनपुट का खेत में ही निर्माण किए जाने से बाहरी .षि लागत में कमी आई। मिट्टी की संरचना में सुधार होने के कारण सिंचाई की आवश्यकता भी अपेक्षा.त कम हुई, जिससे पानी की बचत हुई। प्रा.तिक खेती से उत्पादित फल, सब्जियां एवं अन्य फसलें पोषक तत्वों से भरपूर और बेहतर गुणवत्ता वाली होने के कारण उपभोक्ताओं के लिए अधिक लाभकारी हैं। इसके साथ ही खेत में विभिन्न फसलों एवं सह–फसली खेती को अपनाने से उत्पादन प्रणाली अधिक विविध एवं टिकाऊ बनी। प्रा.तिक एवं जीरो बजट खेती के कारण खेती की लागत में कमी, आर्थिक बचत तथा आय में वृद्धि का लाभ किसान को प्राप्त हुआ। स्वस्थ मिट्टी और संतुलित .षि पद्धति के कारण रोग एवं कीटों का प्रकोप भी कम हुआ। अरविंद प्रताप सिंह परिहार का प्रक्षेत्र आज इस बात का उदाहरण है कि उचित मार्गदर्शन, प्रशिक्षण और वैज्ञानिक .षि पद्धतियों को अपनाकर किसान कम लागत में टिकाऊ एवं लाभकारी खेती कर सकता है। उनके खेत पर लगभग 25 प्रकार के फल, 7 प्रकार की सब्जियां, 3 प्रकार के खाद्यान्न तथा तिलहन जैसी विविध फसलों का उत्पादन किया जा रहा है। गौ–आधारित प्रा.तिक खेती के माध्यम से तैयार जीवामृत, घनजीवामृत, पंचगव्य एवं दशपर्णी अर्क जैसे प्रा.तिक .षि इनपुट का प्रयोग कर उन्होंने रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता को कम किया है। .षि विभाग इटावा द्वारा प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन, प्रक्षेत्र निरीक्षण एवं प्रा.तिक खेती की विधियों की जानकारी उपलब्ध कराकर किसान को निरंतर प्रोत्साहित किया गया। विभागीय प्रयासों और किसान की लगन के परिणामस्वरूप अरविंद प्रताप सिंह परिहार आज न केवल स्वयं प्रा.तिक खेती कर रहे हैं, बल्कि अन्य किसानों को भी प्रा.तिक खेती की ओर प्रेरित कर रहे हैं। परिहार का कहना है कि गौ–आधारित प्रा.तिक खेती अपनाकर किसान खेती की लागत कम करने के साथ–साथ मिट्टी की उर्वरता, पर्यावरण और खाद्यान्न की गुणवत्ता को बेहतर बना सकते हैं। उनका खेत यह प्रमाणित करता है कि प्रा.तिक खेती केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम ही नहीं, बल्कि किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने का प्रभावी विकल्प भी है। .षि विभाग इटावा के मार्गदर्शन एवं किसान के सतत प्रयासों से विकसित यह मॉडल जनपद के अन्य किसानों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन रहा है तथा प्रा.तिक एवं टिकाऊ .षि को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण सफलता के रूप में स्थापित हुआ है।

# हरिद्वार से कांवड़ लेकर सैफई पहुंचीं दो सगी बहनें

## – नेताजी की समाधि पर चढ़ाया गंगाजल

न्यूज वाणी ब्यूरो

सैफई, इटावा। सावन की शिवरात्रि पर आस्था और श्रद्धा का अनूठा संगम देखने को मिला। जिले की दो सगी बहनें हरिद्वार से कलश कांवड़ लेकर अपने भाई के साथ सैफई पहुंचीं और पूर्व रक्षा मंत्री एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. मुलायम सिंह यादव की समाधि पर गंगाजल अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। दोनों बहनों ने पहले केदारेश्वर मंदिर में कलश अर्पित किया, इसके बाद सैफई पहुंचकर नेताजी की समाधि पर जल चढ़ाया।



कन्धानी निवासी सविता राजपूत और सरिता राजपूत अपने भाई गौरव के साथ हरिद्वार से कलश कांवड़ लेकर निकली थीं। मंगलवार को सावन की शिवरात्रि के अवसर पर उन्होंने सबसे पहले केदारेश्वर मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। इसके बाद कांवड़ लेकर सैफई पहुंचीं और मुलायम सिंह यादव की समाधि पर गंगाजल अर्पित किया। दोनों बहनों ने बताया कि भगवान शिव के प्रति आस्था के साथ नेताजी मुलायम सिंह यादव के प्रति उनके मन में गहरा सम्मान है। उन्होंने कहा कि नेताजी ने जीवनभर गरीब, किसान, मजदूर और आम लोगों की आवाज उठाई। उनके संघर्ष और सादगी से उन्हें हमेशा प्रेरणा मिलती रही है। सैफई पहुंचकर उनकी समाधि पर गंगाजल अर्पित करना उनके लिए श्रद्धा और भावनाओं से जुड़ा क्षण है। सविता और सरिता ने कहा कि कांवड़ में गंगाजल लेकर भगवान शिव को अर्पित करने के साथ ही नेताजी की समाधि पर गंगाजल चढ़ाने की उनकी मनोकामना थी, जिसे उन्होंने सावन की शिवरात्रि पर पूरा किया। उन्होंने कहा कि नेताजी आज भले ही हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके विचार और समाज के लिए किए गए कार्य हमेशा लोगों को प्रेरणा देते रहेंगे। कलश कांवड़ यात्रा में कविता राजपूत, राहुल राजपूत, दीपक, शिवा, श्रीराम, मोहित, गौरव, विकेश, करन और रितिक ने सहयोग किया। सभी ने यात्रा के दौरान कांवड़ियों की व्यवस्था और अन्य आवश्यक सहयोग में सहभागिता की।

# रेलवे ट्रैक पर बच्चों की आवाजाही, बड़े हादसे का खतरा

## - स्कूल जाने के नाम पर रेलवे क्रॉसिंग के पीछे पहुंच रहे बच्चे

## - सैकड़ों साइकिलें खड़ी होने का दावाय वायरल वीडियो ने सुरक्षा व्यवस्था पर उठाए सवाल

न्यूज वाणी ब्यूरो

डलमऊ, रायबरेली। नगर क्षेत्र




के आदर्शश्धांति मनोहर स्कूल के पीछे रेलवे क्रॉसिंग की ओर बच्चों की आवाजाही का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने की बात सामने आ रही है। वायरल वीडियो में रेलवे क्रॉसिंग के पीछे बड़ी संख्या में साइकिलें खड़ी दिखाई देने और छोटे–छोटे बच्चों के रेलवे ट्रैक पार करने का दावा किया जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार सुबह करीब 10.30 से 11 बजे के बीच कई बच्चे स्कूल जाने के बजाय रेलवे स्टेशन और रेलवे ट्रैक के आसपास घूमते दिखाई देते हैं। आरोप है कि कुछ बच्चे पान–पुड़िया, बीड़ी–सिगरेट और मोबाइल लेकर रेलवे क्रॉसिंग के आसपास पहुंचते हैं तथा रेलवे ट्रैक के पास सेल्फी भी लेते हैं। मामला इसलिए गंभीर है क्योंकि रेलवे ट्रैक पर बच्चों की इस तरह आवाजाही किसी भी समय बड़े हादसे का कारण बन सकती है। सवाल यह भी उठ रहा है कि यदि बच्चे स्कूल समय में रेलवे क्रॉसिंग पार कर रहे हैं तो उनकी निगरानी की जिम्मेदारी आखिर किसकी है? एक तरफ अभिभावक अपने बच्चों को यह सोचकर स्कूल भेजते हैं कि वे पढ़ाई कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ यदि वायरल वीडियो में दिखाई जा रही गतिविधियां सही हैं तो बच्चों का रेलवे ट्रैक के आसपास पहुंचना चिंता का विषय है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि रेलवे क्रॉसिंग और स्टेशन के आसपास बच्चों को रोकने–टोकने वाला कोई प्रभावी निगरानी तंत्र नजर नहीं आता। वहीं, कुछ लोगों का कहना है कि बच्चों को रोकने पर विवाद की स्थिति भी पैदा हो जाती है। प्राइवेट स्कूलों की जिम्मेदारी पर भी सवाल प्राइवेट स्कूलों में अभिभावकों से फीस के रूप में बड़ी रकम ली जाती है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि स्कूल समय में यदि बच्चे विद्यालय परिसर में न होकर रेलवे क्रॉसिंग और ट्रैक के आसपास पाए जा रहे हैं तो स्कूल प्रबंधन की जिम्मेदारी कहां तक बनती है? क्या स्कूल में बच्चों की उपस्थिति की नियमित जांच होती है? क्या अनुपस्थित बच्चों के अभिभावकों को तत्काल सूचना दी जाती है ।

# एम्स में हर घर तिरंगा अभियान की धूम, निकली भव्य तिरंगा मार्च



न्यूज वाणी ब्यूरो

रायबरेली। देशभर में राष्ट्रप्रेम का संचार करने और राष्ट्रीय गौरव को जन–जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से हर घर तिरंगा अभियान के तहत अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भव्य तिरंगा अभियान का शुभारंभ हुआ। इस राष्ट्रीय अभियान के अंतर्गत संस्थान परिसर में देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देने के लिए कई प्रेरक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज शाम 4.30 बजे एम्स रायबरेली के परिसर में कार्यकारी निदेशक डॉ. अमिता जैन के नेतृत्व में एक विशाल और उत्साहजनक तिरंगा मार्च निकाला गया। इस मार्च में संस्थान के वरिष्ठ अधिकारियों, चिकित्सकों, संकाय सदस्यों, कर्मचारियों, छात्र–छात्राओं और स्वयंसेवकों ने बड़े ही हर्षोल्लास के साथ हिस्सा लिया। हाथों में लहराता तिरंगा और दिल में देशभक्ति का जज्बा लिए सभी प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय एकता और अखंडता का शक्तिशाली संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने राष्ट्रध्वज के साथ अपनी सेल्फी वेबसाइट पर अपलोड कर इस डिजिटल राष्ट्रीय अभियान में अपनी भागीदारी दर्ज कराई। मार्च के दौरान पूरा एम्स परिसर भारत माता की जय और देशभक्ति के गूंजते नारों से ओत–प्रोत नजर आया। इस दौरान अधिकारियों और चिकित्सकों ने आम नागरिकों से हर घर तिरंगा अभियान में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेने तथा स्वतंत्रता दिवस पर अपने–अपने घरों में तिरंगा फहराकर राष्ट्र के प्रति अपनी सच्ची निष्ठा व्यक्त करने का आह्वान किया। एम्स रायबरेली परिवार की इस सक्रिय और ऊर्जावान सहभागिता ने पूरे कार्यक्रम को अत्यंत प्रेरणादायी बना दिया।

# तिरंगा मेले में सजे स्वयं सहायता समूहों के स्टॉल

## - विधायक ने महिलाओं के स्वनिर्मित उत्पादों को सराहा

न्यूज वाणी ब्यूरो


इटावा। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा स्वनिर्मित उत्पादों के विपणन एवं विक्रय के लिए बुधवार को राजकीय इंटर कॉलेज परिसर के बाहर हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ सदर विधायक सरिता भदौरिया ने किया। मेले में बढ़पुरा, भरथना, महेवा, जसवंतनगर और बसरेहर विकास खंड की स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं ने अपने स्वनिर्मित उत्पादों के स्टॉल लगाए। विधायक सरिता भदौरिया ने मेले में लगे प्रत्येक स्टॉल का निरीक्षण किया और महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की जानकारी ली। उन्होंने स्वयं भी समूह की महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों की खरीदारी की तथा उनके कार्यों की सराहना की। मेले में महिलाओं द्वारा तिरंगा थीम से जुड़े उत्पादों के साथ–साथ पंचनद मसाले, पंचनद अचार, बेमौसम सब्जियां, तेज एवं आटा सहित विभिन्न स्वनिर्मित उत्पाद बिक्री के लिए प्रदर्शित किए गए। जसवंतनगर की पूजा ने तिरंगा से जुड़े उत्पाद, गीतू ने पंचनद मसाले, महेवा की पदमा ने पंचनद अचार, बसरेहर की मोना ने बेमौसम सब्जी तथा बढ़पुरा की संगीता ने पंचनद तेज एवं आटा के स्टॉल लगाए। मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह ने स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार पंचनद उत्पादों की सराहना करते हुए अधिक से अधिक महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने सार्वजनिक स्थानों पर फूड कार्ट के माध्यम से भी महिलाओं के लिए आजीविका के अवसर सृजित कराने पर जोर दिया। मेले के आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराना, उनकी आय में वृद्धि करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना रहा। मेले में पहुंचे लोगों ने महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों में रुचि दिखाई और खरीदारी भी की। इस अवसर पर उपायुक्त स्वतः रोजगार विनय कुमार, जिला मिशन प्रबंधक सूर्य नारायण



पाण्डेय, संतोष कुशवाहा, विप्लव भूषण, दीपेन्द्र सिंह तोमर, ब्लाक मिशन प्रबंधक अजय राजपूत, सौरभ पाण्डेय सहित स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं मौजूद रहीं।

# शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने वाला आरोपी गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो




सुल्तानपुर घोष, फतेहपुर। शादी का झांसा देकर लगभग सात माह तक युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाने व धमकी देने के संबंध में दर्ज मुकदमे में वांछित चल रहे अभियुक्त पंकज सिंह पुत्र भोला सिंह निवासी ग्राम सोनावरदेई मजरे कोडारवर को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बुधवार को प्रेमनगर स्थित उसके घर के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय के सामने पेश किया है।


जानकारी के मुताबिक बता दें कि अभियुक्त के खिलाफ धारा 69/352 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। महिला ने आरोप लगाया था कि अभियुक्त ने शादी का झांसा देकर करीब सात माह तक उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए और बाद में धमकी दी। पुलिस ने बताया कि वांछित अभियुक्त पंकज सिंह को बुधवार को प्रेमनगर कस्बे में उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश करने के लिए भेज दिया।

# एम्स में मरीज की मौत पर हंगामा, डॉक्टर-स्टाफ पर लापरवाही का आरोप

## - इमरजेंसी वार्ड के बाहर परिजनों का प्रदर्शन, मुकदमा दर्ज करने की मांग

## - भारी पुलिस बल और सुरक्षा गार्ड तैनात

न्यूज वाणी ब्यूरो



रायबरेली। भदोखर थाना क्षेत्र स्थित एम्स में बुधवार को एक मरीज की मौत के बाद जमकर हंगामा हुआ। मृतका के परिजनों ने डॉक्टर और अस्पताल के स्टाफ पर इलाज में लापरवाही बरतने का गंभीर आरोप लगाते हुए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। घटना के बाद इमरजेंसी वार्ड के बाहर काफी देर तक अफरा–तफरी का माहौल बना रहा। जानकारी के अनुसार अमेठी जनपद की रहने वाली एक महिला मरीज का एम्स में उपचार चल रहा था। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजन आक्रोशित हो गए और उन्होंने डॉक्टर व स्टाफ पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। परिजनों का आरोप है कि यदि समय रहते मरीज का उचित उपचार और आवश्यक चिकित्सकीय कदम उठाए जाते तो उसकी जान बच सकती थी। परिजनों ने पूरे मामले की जांच कराने तथा जिम्मेदार डॉक्टर के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की है। मरीज की मौत के बाद परिवार वालों का रो–रोकर बुरा हाल है। परिजन अस्पताल प्रशासन से जवाब मांगते हुए इमरजेंसी वार्ड के बाहर काफी देर तक डटे रहे। स्थिति को देखते हुए अस्पताल परिसर में भारी संख्या में पुलिस बल और सुरक्षा गार्डों की तैनाती की गई। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को समझाने का प्रयास किया। पुलिस ने मामले में स्थिति को नियंत्रित करने के साथ ही परिजनों की शिकायत और लगाए गए आरोपों की जांच की बात कही।

# उत्साह के साथ निकाली गई तिरंगा यात्रा

संवाददाता हमीरपुर आजादी के अमृत भाव और राष्ट्रभक्ति की भावना को जन–जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से बुधवार को जनपद एवं जनपद के नगर कुरारा,मौदहा बिंदोखर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अंकित गुप्ता, मोहन कुशवाहा,योगेंद्र दीक्षित,जितेंद्र पाल ने अपने अपने मंडलों में की। कार्यक्रम के संयोजक किशन ब्यास रहे,मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष शकुंतला निषाद,विशिष्ट अतिथि के रूप में सदर विधायक डॉ मनोज प्रजापति,ब्लॉक प्रमुख आशीष पालीवाल,नगर पालिका अध्यक्ष कुलदीप निषाद,आशा रानी कबीर,लाला राम निषाद मौजूद रहे। तिरंगा यात्रा के दौरान हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लिए कार्यकर्ताओं और लोगों ने देशभक्ति के नारों के साथ नगर में भ्रमण किया।जिला मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दौरान पूरे मार्ग में राष्ट्रभक्ति का माहौल देखने को मिला। आयोजकों ने लोगों से राष्ट्र की एकता, अखंडता और सम्मान के लिए सदैव तत्पर रहने का आह्वान किया गया।कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं के अलावा स्थानीय नागरिकों की भी सक्रिय सहभागिता रही। तिरंगा यात्रा के सफल आयोजन पर आयोजकों ने सभी कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों का आभार व्यक्त किया।

# संक्षिप्त समाचार

## आईटीआई प्रवेश में विकल्प परिवर्तन का मौका, 15 तक आवेदन

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अवधेश सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में स्थित राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में संचालित व्यवसायों तथा टाटा टेक्नोलॉजी के सहयोग से 211 राजकीय संस्थानों में संचालित 10 दीर्घकालीन व्यवसायों एवं पीपीपी मॉडल पर संचालित राजकीय संस्थानों के विभिन्न व्यवसायों में प्रशिक्षण के लिए विकल्प परिवर्तन (संस्थान/व्यवसाय) हेतु एससीवीटी पोर्टल खोला गया है। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन आवेदन की सुविधा 12 अगस्त से 15 अगस्त की रात्रि 12 बजे तक उपलब्ध रहेगी। प्रवेश के लिए अभ्यर्थी को एससीवीटी की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन से संबंधित लिंक के माध्यम से आवेदन करना होगा। ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व अभ्यर्थी को ओटीपी के माध्यम से अपने मोबाइल नंबर का सत्यापन कराना अनिवार्य होगा। आवेदन पत्र भरने के बाद प्रीव्यू पृष्ठ पर दिए गए प्रोसीड फॉर पेमेंट लिंक के माध्यम से ऑनलाइन शुल्क भुगतान करना होगा। ऑनलाइन आवेदन से संबंधित सहायता एवं विस्तृत जानकारी के लिए विवरणिका ई–फार्म में एससीवीटी की वेबसाइट पर उपलब्ध है। अभ्यर्थी निर्धारित अवधि में आवेदन प्रक्रिया पूरी कर विकल्प परिवर्तन का लाभ उठा सकते हैं।

## नहर की सफाई न होने से धान की फसल पर संकट, किसानों ने संभाला मोर्चा

न्यूज वाणी ब्यूरो

जमानियां, गाजीपुर। जनपद में सूखे जैसे हालात बने हुए हैं और इस समय धान की रोपाई का महत्वपूर्ण समय चल रहा है। जमानियां क्षेत्र में किसानों के लिए सिंचाई का प्रमुख साधन नहरें हैं, लेकिन समय से नहरों की सफाई न होने के





कारण उनमें पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पा रहा है। इससे किसानों के सामने धान की फसल बर्बाद होने का संकट खड़ा हो गया है। किसानों का कहना है कि नहर की सफाई और उसमें पानी छोड़े जाने को लेकर जमानियां विधायक सहित कई समाजसेवियों द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों से लगातार मांग की गई, लेकिन इसके बावजूद समय रहते नहर की सफाई नहीं हो सकी। नहरों में गंदगी, झाड़–झंखाड़ और सिल्ट जमा होने के कारण पानी का प्रवाह बाधित है। धान की रोपाई का समय निकलता जा रहा है और बारिश भी पर्याप्त नहीं होने से किसान बेहद परेशान हैं। ऐसे में समाजसेवी इमरान खान की पहल पर किसानों ने सरकारी व्यवस्था का इंतजार करने के बजाय स्वयं नहर की सफाई का बीड़ा उठाया। किसान श्रमदान कर नहर से झाड़ियां, कूड़ा–कचरा और अन्य अवरोधा हटाने में जुटे हैं, ताकि नहर में पानी पहुंच सके और धान की रोपाई समय से हो सके। किसानों ने प्रशासन और सिंचाई विभाग से मांग की है कि नहरों की तत्काल प्रभावी ढंग से सफाई कराकर उनमें पर्याप्त पानी छोड़ा जाए, जिससे सूखे की स्थिति में किसानों की फसल को बचाया जा सके। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते नहर में पानी नहीं पहुंचा तो बड़ी संख्या में किसान धान की रोपाई से वंचित रह जाएंगे और उनकी मेहनत व लागत दोनों बर्बाद हो जाएगी। किसानों ने कहा कि जब किसान अपनी फसल बचाने के लिए खुद नहर साफ करने को मजबूर हैं, तो यह संबंधित विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। नहर को सफाई कराने में ग्रामीणों ने अपना सहयोग दिया जिसमें समाजसेवी इमरान खान सरफु खान तुफैल खान पूर्व बीडीसी मिराज खान फिरोज नेता तौकीर खान शौकत अली उर्फ भोलू कैसर खान शमशाद खान ईबरार खान हेसामू खान आदि लोग मौजूद मौजूद रहे।

## सदर विधायक पहुंची बड़पुरा एवं बसरेहर की तिरंगा यात्रा में



न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर बड़पुरा एवं बसरेहर मंडल में भारतीय जनता पार्टी की ओर से भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर श्हर घर तिरंगा अभियान और स्वतंत्रता दिवस के जश्न में बढ़पुरा मंडल की तिरंगा यात्रा नगला भवानीदास मोड़ से प्रारंभ होकर सैनिक स्कूल उदी तक भारत माता की जय के उद्घोष के साथ देशभक्ति के माहौल में संपन्न हुई। यह यात्रा अमर बलिदानियों के प्रति सम्मान और राष्ट्रप्रेम का संदेश देने के लिए निकाली गई। इस दौरान जगह–जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर रैली का स्वागत किया। सदर विधायक सरिता भदौरिया ने हरी झंडी दिखाकर तिरंगा यात्रा को रवाना किया। रैली का संयोजन मंडल अध्यक्ष ने किया। रैली के दौरान कार्यकर्ताओं ने देशभक्ति से जुड़े नारे लगाए, जिससे पूरे नगर का माहौल राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत नजर आया। कई स्थानों पर स्थानीय नागरिकों ने कार्यकर्ताओं पर फूल बरसाकर यात्रा का स्वागत किया। इस अवसर पर सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लोगों में राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करना है। साथ ही युवाओं को देश के प्रति जिम्मेदारियों और कर्तव्यों के लिए जागरूक करना भी यात्रा का प्रमुख उद्देश्य बताया गया। तिरंगा यात्रा के दौरान सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर पुलिस भी मुस्तैद रही। पुलिस बल ने यातायात व्यवस्था संभाली। पुलिस की निगरानी के बीच बाइक रैली शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। तिरंगे के सम्मान और देशभक्ति के संदेश के साथ निकली यात्रा ने स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को खास रंग दे दिया।

# प्राधिकरण की सचिव ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव योगेश शिवाद्वारा सोमवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही निःशुल्क विधिक सहायता, उनके लंबित वादों की स्थिति, विधिक अधिकारों तथा कारागार में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का अवलोकन किया गया। सचिव ने बंदियों से व्यक्तिगत रूप से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं एवं विधिक आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की तथा पात्र बंदियों को समयबद्ध एवं प्रभावी विधिक सहायता उपलब्ध कराने के संबंधा में आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कारागार प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करते हुए यह सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया कि प्रत्येक पात्र बंदी को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं का लाभ प्राप्त हो तथा न्याय प्राप्त करने में किसी भी बंदी को आर्थिक अथवा अन्य कारणों से कठिनाई



न हो। इसी क्रम में, जनपद न्यायालय एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन एवं कार्यक्षमता में वृद्धि के उद्देश्य से मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव योगेश शिवा द्वारा स्ट्रेस मैनेजमेंट एण्ड मेडिटेशन प्रोग्राम का आयोजन एवं संचालन किया गया।कार्यक्रम के दौरान सचिव ने कर्मचारियों को तनाव के प्रमुख कारणों, उसके शारीरिक एवं मानसिक प्रभावों तथा ध्यान, श्वास–प्रश्वास अभ्यास एवं सकारात्मक सोच के माध्यम से तनाव को प्रभावी ढंग से नियंत्रित करने के व्यावहारिक उपाय बताए। उन्होंने उपस्थित कर्मचारियों को स्वयं ध्यान का अभ्यास भी कराया तथा नियमित रूप से ध्यान एवं योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। अपने संबोधन में सचिव महोदया ने कहा कि मानसिक रूप से स्वस्थ एवं तनावमुक्त कर्मचारी किसी भी संस्थान की कार्यकुशलता की महत्वपूर्ण शक्ति होते हैं। नियमित ध्यान एवं आत्मचिंतन न केवल मानसिक शांति प्रदान करता है, बल्कि एकाग्रता, निर्णय क्षमता एवं कार्य के प्रति सकारात्मक . ष्टिकोण को भी विकसित करता है। कार्यक्रम में जनपद न्यायालय एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए ध्यान सत्र का लाभ प्राप्त किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा न्याय तक समान एवं प्रभावी पहुँच सुनिश्चित करने के साथ–साथ न्यायिक व्यवस्था से जुड़े कार्मिकों के मानसिक स्वास्थ्य एवं कार्यक्षमता के संवर्धन हेतु निरंतर सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं।

# अपराधियों को सजा दिलाने में प्रभावी पैरवी करें : डीएम

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार



में अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न न्यायालयों में विचाराधीन अभियोगों, लंबित वादों, प्रभावी पैरवी तथा दोषसिद्धि की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि अभियोजन कार्यों की समीक्षा महज औपचारिकता तक सीमित न रहे, बल्कि प्रत्येक महत्वपूर्ण एवं गंभीर मामले की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने पिछले तीन से चार वर्षों से लंबित मामलों की सूची की समीक्षा करते हुए ऐसे प्रकरणों को चिन्हित कर मॉनिटरिंग सेल की बैठक में रखने तथा उनकी प्रगति की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि वर्षों से लंबित मामलों के निस्तारण के लिए अब प्रभावी कार्रवाई की आवश्यकता है। न्यायालयवार सूची तैयार कर मामलों की प्राथमिकता निर्धारित की जाए और प्राथमिकता वाले प्रकरणों में समयबद्ध सुनवाई एवं प्रभावी पैरवी सुनिश्चित की जाए। किसी भी मामले को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए और संबंधित अधिकारी प्रत्येक प्रकरण की प्रगति पर व्यक्तिगत नजर रखें। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि गंभीर अपराध करने वाले अपराधियों को किसी भी हाल में बख्शा न जाए। अभियोजन अधिकारी उपलब्ध साक्ष्यों एवं तथ्यों के आधार पर मजबूती से पैरवी करें, ताकि दोषियों को कानून के अनुसार सजा दिलाई जा सके। उन्होंने कहा कि गंभीर अपराधों में प्रभावी कानूनी प्रावधानों का उपयोग करते हुए अभियोजन की गुणवत्ता को और बेहतर बनाया जाए, जिससे अपराधियों में कानून का भय और आमजन में न्याय व्यवस्था के प्रति विश्वास कायम रहे। उन्होंने कहा कि जिन मामलों में साक्ष्य, गवाहों अथवा आवश्यक अभिलेखों के अभाव में पैरवी प्रभावित हो रही है, उनमें संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर तत्काल आवश्यक कार्रवाई करें। महत्वपूर्ण एवं गंभीर मामलों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा न्यायालयों में चल रहे मुकदमों में गवाहों की समय से उपस्थिति और साक्ष्यों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत कराने पर विशेष ध्यान दिया जाए। महिलाओं एवं बालिकाओं के विरुद्ध अपराध, गंभीर आपराधिक प्रकरणों तथा समाज को प्रभावित करने वाले मामलों में अभियोजन की कार्रवाई पूरी गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ किए जाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसे मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए और प्रत्येक प्रकरण की नियमित समीक्षा करते हुए प्रभावी पैरवी सुनिश्चित की जाए। बैठक में पुराने एवं लंबित वादों के निस्तारण के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश भी दिए गए। जिन मामलों में अभियोजन की ओर से किसी दस्तावेज अथवा अन्य कार्रवाई की आवश्यकता है, उसे तत्काल पूरा कराने को कहा गया, ताकि न्यायालयीन प्रक्रिया अनावश्यक रूप से लंबित न रहे। अभियोजन अधिकारियों को प्रत्येक मामले में मजबूत तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर पैरवी करने तथा न्यायालय द्वारा पारित आदेशों एवं निर्णयों का नियमित अनुश्रवण करने के निर्देश दिए गए। जिन प्रकरणों में अपील अथवा अन्य विधिक कार्रवाई आवश्यक हो, उनमें नियमानुसार समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। जिलाधिकारी ने पुलिस एवं अभियोजन विभाग को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने पर जोर देते हुए कहा कि अभियोजन कार्यों की गुणवत्ता में सुधार से अपराधियों को सजा दिलाने में मदद मिलेगी और आमजन का कानून एवं न्याय व्यवस्था के प्रति विश्वास और मजबूत होगा। बैठक में अभियोजन विभाग के अधिकारियों ने विभिन्न न्यायालयों में लंबित मामलों, निस्तारित वादों, दोषसिद्धि तथा प्रभावी पैरवी की स्थिति की जानकारी प्रस्तुत की। जिलाधिकारी ने प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। इस अवसर पर एसपी सिटी अभयनाथ त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी बिपिन कुमार सहित फौजदारी, पॉक्सो एक्ट, राजस्व, दीवानी, गैंगस्टर एक्ट आदि से संबंधित सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जनता कॉलेज में डीप टेक नवाचार चुनौती

## - प्रो. डॉ. एनके शर्मा ने बताए नवाचार के नए आयाम

न्यूज वाणी ब्यूरो

बकेवर, इटावा। जनता कॉलेज बकेवर के भौतिक विज्ञान विभाग द्वारा संस्थागत नवाचार परिषद के सहयोग से डीप टेक नवाचार चुनौती का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, अनुसंधान, नवाचार तथा आधुनिक तकनीकों के प्रति रुचि एवं जागरूकता विकसित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. नलिनी शुक्ला के उद्बोधन से हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों को नवाचार, अनुसंधान एवं तकनीकी विकास के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ने तथा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं विषय विशेषज्ञ प्रो. डॉ. एनके शर्मा, पूर्व अधिष्ठाता, प्रौद्योगिकी संकाय, सीएसए विश्वविद्यालय परिसर ने डीप टेक्नोलॉजी, .त्रिम बुद्धिमत्ता, अनुसंधान, नवोद्यम एवं नवाचार के विभिन्न आयामों पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर समाज की समस्याओं के समाधान विकसित करने तथा नवाचार आधारित उद्यमिता की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, विभिन्न विभागों के शिक्षक, शोधार्थी, बड़ी संख्या में विद्यार्थी तथा बाहरी विशेषज्ञों एवं प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों



ने नवाचार एवं अनुसंधान से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार–विमर्श किया। आयोजन सचिव डॉ. प्रकाश दुबे, विभागाध्यक्ष, भौतिक विज्ञान विभाग ने कार्यक्रम का सफल संचालन एवं समन्वय किया। अंत में संस्थागत नवाचार परिषद के संयोजक डॉ. नवीन अवस्थी, रसायन विज्ञान विभाग ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों, वक्ताओं, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं सहयोगी टीम का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। उपस्थित प्रतिभागियों ने आयोजन को ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक एवं नवाचार को बढ़ावा देने वाला बताया तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के नियमित आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया।

# कोठी चंदनपुर में डा. अंबेडकर की मूर्ति को किया खंडित

## - आनन फानन में सदर विधायक ने नई मूर्ति लगवाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। ग्राम कोठी चांदनपुर में अराजक तत्वों के द्वारा भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति को क्षतिग्रस्त कर दिया गया जिसकी सूचना मिलने पर ग्राम कोठी चांदनपुर में सदर विधायक सरिता भदौरिया ने पहुंच कर नई मूर्ति लगवाई सामाजिक सौहार्द व शांति बनी रहे इसके लिए क्षेत्रीय थानाध्यक्ष सीओ सिटी सहित तमाम अधिकारियों को बुलाकर निर्देश दिए साथ ही इस पार्क को 10 लाख रुपये पार्क के सौंदर्यीकरण एवं बाउंड्रीबॉल के लिए दिए।

# हरियाली तीज पर झूमीं महिलाएं

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। सावन के पावन महीने में श्यामल सेवा समिति के तत्वावधान में हरियाली तीज का भव्य एवं भक्तिमय कार्यक्रम समिति की अध्यक्ष श्यामला पांडेय के आवास पर उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने सहभागिता कर भारतीय संस्.ति और परंपराओं के रंग बिखेरे।



कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक रीति–रिवाजों का निर्वहन करते हुए उपस्थित महिलाओं को अखंड सौभाग्य के प्रतीक के रूप में सुहाग सामग्री भेंट कर उनका आत्मीय सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्रीति शर्मा, स्नेह पांडेय, पदमा त्रिपाठी, प्रेमलता, माला दुबे, संध्या बघेल, आकांक्षा गुप्ता, अंजू दुबे, प्रतिभा मिश्रा, हिमानी महेश्वरी, श्वेता सक्सेना, चित्रा परिहार, रमा यादव, मनु कुशवाहा और सुनीता सहित अन्य महिलाएं मौजूद रहीं। इसके बाद महिलाओं ने सावन के पारंपरिक गीतों और भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। राधे झूले में पधारो सहित विभिन्न सावन गीतों की मधुर तान से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। महिलाओं ने भक्ति गीतों पर उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए हरियाली तीज के उत्सव को यादगार बना दिया। कार्यक्रम में भक्ति, आस्था, लोक संस्.ति और आपसी प्रेम का सुंदर संगम देखने को मिला। महिलाओं ने एक–दूसरे को हरियाली तीज की शुभकामनाएं देते हुए भारतीय परंपराओं को जीवंत रखने का संदेश दिया।

# पालिवाल हॉल में वीबी जीरामजी पंच सम्मेलन आज, जुटेंगे जनप्रतिनिधि

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा के दिशा निर्देशों के अनुपालन में मनरेगा (बी0बी0जी0राम0जी0 योजना) की समीक्षा तथा इसके व्यापक प्रचार–प्रसार के उद्देश्य से जनपद स्तर पर पंच सम्मेलन का आयोजन पालीवाल हॉल में किया जाएगा। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों (प्रधानों



व अन्य जन प्रतिनिधियों) तक योजनाओं की सटीक एवं पूरी जानकारी पहुँचाना है, ताकि किसी भी स्तर पर सूचना का अभाव न रहें और विकास कार्यों का लाभ पारदर्शी तरीके से हर ग्राम पंचायत तक पहुंच सके। जिलाधिकारी से प्राप्त निर्देशों के क्रम में बी0बी0जी0राम0जी0 व सम्बन्धित ग्रामीण विकास कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन और प्रचार–प्रसार पर व्यापक जोर दिया जाएगा। डीसी नरेगा तूलिका श्रीवास्तव ने बताया कि सम्मेलन में त्रिस्तरीय व्यवस्था के प्रतिनिधियों को शामिल कर योजना की विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी, जिससे वह यह जानकारी अपने क्षेत्र के नागरिकों को दे सके और तदोपरांत नागरिक इसका लाभ उठा सके। साथ ही साथ इस सम्मेलन के माध्यम से इस महत्वपूर्ण योजना को पारदर्शी तरीके से लोगों तक पहुंचाना है, जिससे इसमें निहित उद्देश्य सफल हो सके और जनता इसका लाभ उठा सके। यह समस्त कार्यक्रम पालिवाल हॉल में कल शाम 4 बजे होगा।

# डीएम ने तिरंगा फहराकर हर घर तिरंगा अभियान का किया शुभारंभ

## – नागरिकों से की जुड़ने की अपील

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराते हुए अभियान में अपनी सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई। उन्होंने जनपद के समस्त नागरिकों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों से इस राष्ट्रीय



अभियान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनने का आह्वान किया।

जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने संदेश देते हुए कहा कि यह केवल एक प्रशासनिक अभियान नहीं है, बल्कि यह हमारे देश की आन–बान–शान, मान–सम्मान और गौरव का प्रतीक है। तिरंगा हमारी राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि वे अपने–अपने घरों, कार्यालयों एवं प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराएं और राष्ट्रीय ध्वज के साथ अपनी तिरंगा सेल्फी आधिकारिक पोर्टल पर अपलोड करने के साथ–साथ सोशल मीडिया पर पोस्ट करें। उन्होंने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य हर नागरिक के मन में देशभक्ति की भावना को और प्रगाढ़ करना तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान को बढ़ाना है। जिलाधिकारी ने जनपद के सभी निवासियों से अपने तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर हैशटैग के साथ ऑनलाइन पोस्ट करने का आग्रह किया है।

# मिशन शक्तिटीम ने बचाया परिवार

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मिशन शक्ति अभियान के तहत थाना सिविल लाइन पुलिस की मिशन शक्ति टीम ने सराहनीय पहल करते हुए पति–पत्नी के बीच चल रहे पारिवारिक विवाद को काउंसलिंग के माध्यम से सुलझाकर परिवार को टूटने से बचा लिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी के मार्गदर्शन में महिलाओं



की सुरक्षा, सम्मान एवं पारिवारिक विवादों के निस्तारण के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना सिविल लाइन क्षेत्र के .ष्णा पुरुष कॉलोनी में पति–पत्नी के बीच विवाद की सूचना डायल–112 के माध्यम से प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही महिला पुलिस कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों से वार्ता की। इसके बाद दोनों पक्षों को थाने लाकर आवश्यक काउंसलिंग की गई। महिला पुलिस टीम ने दोनों पक्षों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए वैवाहिक जीवन के महत्व, आपसी सामंजस्य एवं पारिवारिक जिम्मेदारियों के संबंध में समझाया। काउंसलिंग के दौरान दोनों पक्षों ने एक–दूसरे की भावनाओं और परिस्थितियों को समझते हुए अपने मतभेद दूर करने तथा भविष्य में सौहार्दपूर्ण वातावरण में साथ रहने पर सहमति जताई। मिशन शक्ति टीम के प्रयासों से पति–पत्नी के बीच विवाद समाप्त हुआ और दोनों ने आपसी सहमति से साथ रहने का निर्णय लिया। दोनों पक्षों ने पुलिस टीम के प्रयास की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। पुलिस महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान के साथ–साथ पारिवारिक विवादों के शांतिपूर्ण और प्रभावी समाधान के लिए निरंतर प्रयासरत है।

# मौनी बाबा धाम से नागा बाबा धाम तक निकली तिरंगा यात्रा

न्यूज वाणी ब्यूरो

करंडा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी करंडा मंडल के कार्यकर्ताओं की ओर से श्री मौनी बाबा धाम से श्री नागा बाबा धाम तक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा का नेतृत्व भाजपा करंडा मंडल अध्यक्ष राणा सिंह, महामंत्री अमित चौरसिया एवं शशिकांत गिरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष पवन कुमार पांडेय, वरिष्ठ नेता अमरेश गुप्ता तथा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष हर्ष सिंह ने किया। तिरंगा यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में जमानिया के पूर्व विधायक डॉ. राजकुमार सिंह गौतम मौजूद रहे। यात्रा के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों के साथ उत्साहपूर्वक पदयात्रा की। पूरे मार्ग में भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों से वातावरण देशभक्तिमय बना रहा।



कार्यक्रम में भाजपा के पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। वरिष्ठ नेताओं में उमेश दुबे, हरेंद्र यादव, दयाशंकर सिंह और तारकेश्वर सिंह समेत सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। कार्यकर्ताओं ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा का संकल्प लिया। तिरंगा यात्रा के दौरान युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। भाजपा नेताओं ने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है और प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह राष्ट्रहित एवं समाजहित में अपना योगदान दे। कार्यक्रम का समापन श्री नागा बाबा धाम पहुंचकर किया गया।

## मिशन सेफ यूचर 2.0 अन्तर्गत परिवहन विभाग ने संचालित किया अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) ने बताया कि 25 अगस्त तक मिशन सेफ यूचर 2.0 अभियान अन्तर्गत परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा जनपद की विभिन्न स्कूलों में संचालित वाहनों के विरूद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें मानक के अनुरूप न पाये गये 06 वाहनों का चालान किया गया एवं 01 वाहन को थाने में निरूद्ध/बंद किया गया। उक्त अभियान का उद्देश्य जनपद में संचालित समस्त स्कूली वाहनों की 100 प्रतिशत फिटनेस, वैध परमिट एवं विद्यालयी परिवहन सुरक्षा मानकों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित कर छात्र–छात्राओं का सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करना है। अभियान के प्रथम चरण में विद्यालय प्रबंधन से संपर्क स्थापित कर बिना फिटनेस, बिना परमिट अथवा समस्त स्कूली वाहनों को 28वां संशोधन स्कूल वाहन नियमावली के अंतर्गत शत–प्रतिशत संचालित किया जाना है। उन्होनें बताया कि 25 अगस्त तक पुलिस, यातायात पुलिस एवं शिक्षा विभाग के समन्वय से विशेष प्रवर्तन अभियान संचालित किया जाएगा। इस दौरान बिना वैध फिटनेस, बिना परमिट अथवा निधारित सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करते हुए संचालित पाए जाने वाले स्कूली वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार चालान, वाहन बंदी एवं अन्य नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर संबंधित विद्यालयों के संबंध में सक्षम प्राधिकारी को भी अवगत कराया जाएगा। समस्त विद्यालय प्रबंधकों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने अधीन संचालित प्रत्येक स्कूली वाहन की फिटनेस, परमिट, बीमा, प्रदूषण प्रमाणपत्र, कर अदायगी, चालक का वैध ड्राइविंग लाइसेंस तथा अन्य आवश्यक अभिलेख अद्यतन रखते हुए विद्यालयी परिवहन सुरक्षा मानकों का पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित करें। जनपद के समस्त अभिभावकों से भी अपील की जाती है कि वे अपने बच्चों के विद्यालय आने–जाने हेतु केवल वैध एवं सुरक्षित स्कूली वाहनों का ही उपयोग सुनिश्चित करें तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता की सूचना तत्काल परिवहन विभाग को उपलब्ध कराएं।

# जल शक्तिमंत्री के नेतृत्व में निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

**- तिरंगे के सम्मान में उमड़ा राष्ट्रभक्ति का सैलाब**

**- भारत माता की जय के जयघोष से गूंजा वातावरण**

**- देशभक्तिव राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करता घर घर तिरंगा अभियान**

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। भाजपा द्वारा चलाये जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज जिले के लगभग आधा दर्जन मण्डलों में तिरंगा यात्रा निकालकर देश के प्रति सम्मान व गौरव की भावना को मजबूत करने का सन्देश दिया। तिन्दवारी विधानसभा के तिंदवारी कस्बे में जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद के नेतृत्व में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगे के सम्मान में राष्ट्रभक्ति का सैलाब उमड़ पड़ा भारत माता के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। हाथों में तिरंगा लेकर भारतमाता के जयकारा लगाते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने लोगों को राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता व अखंडता का सन्देश दिया। तिरंगा यात्रा को सम्बोधित करते हुए जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने कहा कि आज की यह यात्रा उस देशभक्ति का सन्देश है जिसे देश के स्वतंत्रता सेनानीयों ने अपने संघर्ष व बलिदान से सींचा था। भारत माता की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीरों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि यही है कि हम देश की एकता, अखंडता व सम्मान के लिए सदैव समर्पित रहें। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत, जिला उपाध्यक्ष रामभवन उपाध्याय, जिला महामंत्री निखिल सक्सेना, अमित सेठ भोलू सहित पार्टी के क्षेत्रीय पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसी प्रकार जिले के मण्डल



नरैनी में विधायक ओममणि वर्मा के नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। मण्डल अतर्रा, बड़ोखर मण्डल के मतोंध में, कमासिन मण्डल में भी भाजपा पदाधिकारियों ने तिरंगा यात्रा निकालकर राष्ट्रीय एकता व अखंडता का सन्देश दिया।

# निबंधन कार्यालय में छह दिन से पद खाली

**- राजेश बाबू के भरोसे रजिस्ट्री और बैनामा, कतारों में हलकान जनता**





न्यूज वाणी ब्यूरो/रायबरेली। जनपद के निबंधन (रजिस्ट्री) कार्यालय में प्रशासनिक लापरवाही और लचर व्यवस्था का खमियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। पूर्व रजिस्ट्रार बृजेश पाठक का गैर जनपद तबादला हुए लगभग 6 दिन का समय बीत चुका है, लेकिन अब तक शासन या विभाग की ओर से रायबरेली में किसी नए अधिकारी की तैनाती नहीं की गई है। अधिकारी की गैरमौजूदगी में दतर का पूरा कार्यभार वरिष्ठ लिपिक राजेश बाबू के कंधों पर आ टिका है। बैनामा की फाइलें निपटाने से लेकर संपत्ति की रजिस्ट्री कराने तक, हर छोटे–बड़े काम के लिए दतर में लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है। अधिकारी न होने से कागजी प्रक्रिया की गति धीमी पड़ गई है, जिससे दूर–दराज से आए फरियादियों और जमीन के क्रेता–विक्रेताओं को कड़कती धूप और गर्मी में घंटों लंबी कतारों में खड़ा रहना पड़ रहा है। कई गंभीर सवाल खड़े कर रही व्यवस्था 6 दिन बीत जाने के बाद भी जिले के इतने महत्वपूर्ण विभाग में किसी जिम्मेदार अधिकारी का न भेजा जाना कई बड़े सवाल खड़े कर रहा है। आखिर इतने महत्वपूर्ण पद को इतने दिनों तक खाली क्यों छोड़ दिया गया? क्या पूरा दतर एक लिपिक के भरोसे चलाना न्यायसंगत है? क्या विभागीय देरी के पीछे कोई अंदरूनी सांठगांठ या मनपसंद तैनाती का खेल चल रहा है, या यह विशुद्ध रूप से प्रशासनिक अनदेखी का नतीजा है? निबंधक कार्यालय में रोज आ रहे आवेदकों का कहना है कि काम की गति धीमी होने के कारण उन्हें बार–बार दतर के चक्कर काटने पड़ रहे हैं, जिससे समय और धन दोनों की बर्बादी हो रही है।

# विज्ञान संगोष्ठी में विद्यार्थियों ने बताया भारतीय ऊर्जा परिदृश्य की संभावनाएं

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र नई दिल्ली के अंतर्गत राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान उत्तर प्रदेश प्रयागराज एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के तत्वाधान में कक्षा 8 से 10 तक के विद्यार्थियों में अभिव्यक्ति की क्षमता विकसित करने, वैज्ञानिक चिन्तन तथा अनुसंधान की प्रवृत्ति जागृत करने के उद्देश्य से जिला विद्यालय निरीक्षक मुदिता पाण्डेय एवं जिला स्तरीय नोडल अधिकारी अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में दाऊदयाल गर्ल्स इंटर कॉलेज में भारतीय ऊर्जा परि.श्य 2047 संभावनाएं और चुनौतियाँ पर जनपद स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डीआईओएस मुदिता पाण्डेय, शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष उमेश चंद्र यादव, अश्वनी कुमार जैन एवं प्रधानाचार्या अंजुमा रियाज ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण करके किया। मुदिता पाण्डेय द्वारा विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें मण्डल एवं राज्य स्तर पर प्रतिभाग करने के लिए अग्रिम शुभकामनाएं प्रदान करते हुए भारतीय ऊर्जा पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। अश्वनी



कुमार जैन ने विद्यार्थियों को बताया कि आज का युग विज्ञान का युग है और हमें विज्ञान के माध्यम से बहुत कुछ सीखने की प्रेरणा मिलती है इसलिए विज्ञान एवं अन्य प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में सर्वप्रथम एक लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया, तदुपरांत 22 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भारतीय ऊर्जा परि.श्य 2047 की संभावनाएं और चुनौतियाँ पर प्रकाश डाला। इस प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल की भूमिका का निर्वहन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्रवक्ता राहुल कुमार रावत और निशान्त गोला द्वारा किया गया। संगोष्ठी में प्रथम स्थान कु अनिका, द्वितीय स्थान कु पावनी जैन, तृतीय स्थान आरव्य सिंह एवं सांत्वना पुरस्कार कु निधि पौनिया, कु सौम्या, कौशल एवं जन्नत ने प्राप्त किया। सभी विजयी प्रतिभागियों को मोमेंटो एवं समस्त प्रतिभागियों को समस्त अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान करके सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन अश्वनी कुमार जैन द्वारा किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजुमा रियाज ने सभी अतिथियों एवं अश्वनी कुमार जैन का आभार व्यक्त किया। इस अवसर जनपद के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक साथी डॉ प्रतिभा, पिंकी गौतम, प्रतिभा राजपूत, प्रीती कुलश्रेष्ठ, ममता जादौन, रुचिता श्रीवास्तव, दिव्या रतन, रिमिषा, रितु जैन, विनीता, अनु वर्मा, अर्चना यादव, शाहीन अहमद, दीपेन्द्र कौर, दिग्विजय सिंह, सुनील कुमार निषाद, प्रदीप कुमार, अजीत कुमार, दीपक यादव, विपिन कुमार, राजकुमार सिंह, सतवीर सिंह, शीलवन्त सिंह यादव, शशिकांत यादव, कमलेश चन्द्र शर्मा, नारायण मिश्रा, मुनीश कुमार तिवारी, जवाहरलाल बघेल, दिव्यांश प्रताप सिंह, कीर्ति तेनगुरिया, अनीता राजपूत, राजकुमार उपाध्याय आदि समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# तिरंगा यात्रा के तिरंगा झंडो में ही कर डाला घोटाला : सौली

**- प्रतिनिधियों का इकबाल खत्म हो जाए तो ऐसा ही होता है**

**- हमेशा की तरह जांच का नाटक कर दिया जाएगा मामला रफा दफा सौली**

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। भ्रष्टाचार के नए–नए रिकॉर्ड बन रहे है जहां आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस की देशभर में जोर–शोर से तैयारी चल रही है वही मीडिया हवाले की खबरों के मुताबिक शर्मसार करने वाला वाक्य सामने आया जहां नगर निगम द्वारा तिरंगा यात्रा निकालने के लिए एवं हर घर तिरंगा पहुंचने के लिए एक लाख अठाईस हजार तिरंगा झंडा डूडा विभाग से मंगाये उसमें भी खेल हो गया डूडा विभाग ने 50000 हजार झंडा कटे–फटे पुराने और खराब गुणवत्ता के भेज दिए जिसे नगर निगम ने वितरित करना शुरू कर दिया जब इसकी भनक कुछ नगर निगम के पार्षदों को लगी तो उन्होंने शोर मचाना और विरोध करना शुरू कर दिया तब उसके बाद नगर निगम के अधिकारियों ने घर–घर झंडा वितरण करने पर रोक लगा दी और 25 000 हजार झंडा वापस करते हुए जांच के आदेश दे दिए इस मौके समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सामाजिक कार्यकर्ता सतेन्द्र जैन सौली ने कहा कि फिरोजाबाद में भ्रष्टाचार चरम पर है नगर निगम ने डूडा विभाग से 128000 झंडा मंगाए डूडा विभाग ने उपलब्ध कराए 50000 हजार और जिसमें कटे फटे पुराने झंडा निकले 25000 हजार और जो पहले वितरित किए उसमें भी पता नहीं कितने कटे फटे पुराने झंडा रहे होगे उसका पता नही उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचारी राष्ट्रीय प्रतीकों में भी भ्रष्टाचार करने से नहीं चूक रहे है जब जनप्रतिनिधियों का इकबाल खत्म हो जाए तो ऐसा ही होता है जिसको जहां मौका लग रहा है वह लूट रहा है उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय प्रतीकों से जुड़े हुए इस गंभीर मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करती है परंतु इसकी उम्मीद कम ही है की कोई कार्रवाई होगी ऐसा लगता है कि अब तक हमेशा और मामलों की तरह जांच का नाटक होगा और मामला रफा दफा कर दिया जाएगा। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष रघुराज सविता विधानसभा अध्यक्ष नरेश शंखवार सचिव रोहित नंदवंशी सपा नेता मयंक यादव राजेश वशिष्ठ हरिओम यादव प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# मेडिकल कॉलेज में फैले भ्रष्टाचार को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में मरीजों एवं कर्मचारियों से जुड़ी कथित अनियमितताओं और समस्याओं की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर आज प्रदेश उपाध्यक्ष जनता दल (यूनाइटेड) उत्तर प्रदेश एवं बुंदेलखंड प्रभारी शालिनी सिंह पटेल के नेतृत्व में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में ऑपरेशन से पहले बाहर से महंगी दवाएं व सर्जिकल सामान मंगाए जाने, सरकारी दवाओं के स्थान पर बाहर की दवाएं लिखे जाने, मरीजों को निजी अस्पतालों में भेजे जाने, चिकित्सकों की उपस्थिति, इमरजेंसी व्यवस्था, संविदा भर्ती, कर्मचारियों की ड्यूटी एवं वेतन, नर्सिंग व्यवस्था, मैट्रन पद पर वरिष्ठता, गलत इंजेक्शन की शिकायत, आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की उपस्थिति, अस्पताल की सफाई एवं सुरक्षा सहित 16 बिंदुओं की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच की मांग की गई। ज्ञापन में ड्यूटी रोस्टर, बायोमेट्रिक उपस्थिति, वेतन रिकॉर्ड, सीसीटीवी फुटेज, मरीजों की मेडिकल फाइल, दवा एवं इंजेक्शन रजिस्टर तथा शिकायत रजिस्टर की जांच कराने की मांग की गई। सामाजिक कार्यकर्ताओं, पत्रकारों एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं द्वारा जनहित के मुद्दे उठाने पर कथित धमकी अथवा फर्जी मुकदमे में फंसाने की शिकायतों की भी जांच की मांग की गई। शालिनी सिंह पटेल ने कहा कि ज्ञापन में पत्रकार, समाजसेवी और विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक वर्गों के लोग शामिल रहे और सभी बिंदुओं पर निष्पक्ष जांच की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि यदि एक सप्ताह में कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती है तो मंडलायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके बाद भी कार्रवाई नहीं हुई तो बाँदा की जनता की आवाज विधानसभा तक पहुंचाई जाएगी। इस दौरान उमाकांत सविता, पिंकी प्रजापति, काशी प्रसाद याज्ञिक, सद्दाम हुसैन, शुभांशी गुप्ता, धीरज मिश्रा, शुभम तिवारी, आदित्य त्रिपाठी, रवींद्रनाथ गुप्ता, बाली तिवारी, सुशील पाल, भैरमदीन पटेल, अजय पटेल, सुनीता पांडेय, संतोष अकेला, शशिकांत पांडे, रामप्यारी, रामरूप पटेल, श्रीराम प्रजापति, बिहारी लाल अनुरागी, अर्पित सिंह, सुशील प्रजापति, कमल प्रजापति, अली मोहम्मद, विवेक यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# गांजा तस्कर गिरफ्तार, 04 किलो 214 ग्राम गांजा जब्त

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा जनपद को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन ईगल के क्रम में थाना कमासिन



पुलिस द्वारा अवैध सूखे गांजे के साथ 02 अभियुक्तों को गिरतार किया गया है। गौरतलब हो कि बुधवार को थाना कमासिन पुलिस को गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर दो अभियुक्तों राज पुत्र उदयभान व अमन पुत्र राजेश को बबेरु रोड़ पेट्रोल पंप के पास इन्गुआ मोड पर बने यात्री निवास से अवैध सूखे गांजे के साथ गिरतार किया गया है। तलाशी के दौरान दोनों अभियुक्तों के कब्जे से कुल 04 किलो 214 ग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद हुआ है। पुलिस द्वारा बरामद अवैध सूखे गांजे को कब्जे में लेकर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजी.त कर अभियुक्तों को न्यायालय भेजा गया है। पकड़े गए अभियुक्त राज पुत्र उदयभान निवासी ग्राम पचनेही थाना कोतवाली देहात, अमन पुत्र राजेश निवासी ग्राम पचनेही थाना कोतवाली देहात के विरुद्ध मु0अ0सं0–222/26 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना कमासिन में अभियोग दर्ज किया गया है। पकड़ने वाली पुलिस ने टीम में उ0नि0 मनीष कुमार शर्मा थाना कमासिन, कां0 सौरभ शुक्ला, कां0 सूर्यप्रकाश सिंह शामिल रहे।

# ग्राम पंचायतों की सोशल आडिट का रोस्टर निर्धारित

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। जिला विकास अधिकारी राज कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026–27 के प्रथम चरण में तत्समय महात्मा गांधी नरेगा (01 जुलाई 2026 से वी.बी. जी राम जी) के अन्तर्गत कराये कार्यों के सोशल आडिट हेतु सोशल आडिट निदेशालय, ग्राम्य विकास विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा रोस्टर का निर्धारण कर दिया गया है। जनपद के विकास खण्डों में अवस्थित ग्राम पंचायतों में



निर्धारित रोस्टर के अनुसार 12 से 14 अगस्त 2026, 17 से 19 अगस्त, 20 से 22 अगस्त तथा 24 से 27 अगस्त तक सोशल आडिट की कार्यवाही की जायेगी। जिला विकास अधिकारी ने बताया कि सोशल आडिट ग्राम सभा की बैठक में ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम रोजगार सेवक, तकनीकी सहायक एवं अन्य कार्यदायी संस्थाओं के संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहेंगे। श्री कुमार ने बैठक सुचारू संचालन के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों का नामित किया गया है। डीडीओ ने बताया कि सभी सम्बन्धित को निर्देशित किया गया है कि ऑडिट टीम को जॉब कार्ड पंजिका, ग्राम सभा पंजिका, कार्य पंजिका, स्थाई परिसम्पत्ति पंजिका व सामग्री पंजिका इत्यादि वांछित अभिलेख आडिट टीम को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

# जादू के खेल में खुला एड्स से बचाव का राज

## – जिला अस्पताल में अनोखे अंदाज में चला जागरूकता अभियान, सीडीओ ने किया शुभारंभ

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। एचआईवी/एड्स जैसी गंभीर बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने बुधवार को जिला चिकित्सालय में अनोखे अंदाज में जागरूकता अभियान चलाया। जादू के खेल और मनोरंजक प्रस्तुतियों के बीच लोगों को एड्स से बचाव का संदेश दिया गया। स्वास्थ्य शिविर एवं विशेष जादू



कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना ने की। कार्यक्रम में जादूगर ने मनोरंजन के साथ स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण संदेश दिए। लोगों को बताया गया कि एचआईवी/एड्स को लेकर समाज में फैली भ्रांतियां और मिथक बीमारी से भी बड़ी समस्या बन जाते हैं। इसलिए जरूरी है कि लोग अफवाहों के बजाय वैज्ञानिक एवं प्रमाणित जानकारी पर भरोसा करें। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लोगों को एचआईवी संक्रमण से बचाव के उपायों की जानकारी दी। साथ ही एचआईवी से प्रभावित लोगों के प्रति भेदभाव नहीं करने की अपील की गई। अधिकारियों ने कहा कि सही जानकारी, समय पर स्वास्थ्य परामर्श और जागरूक व्यवहार से संक्रमण के जोखिम को कम किया जा सकता है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. यूबी सिंह ने कहा कि एचआईवी/एड्स के खिलाफ जागरूकता अभियान को केवल स्वास्थ्य विभाग तक सीमित रखने के बजाय समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि बीमारी को लेकर फैली गलत धारणाओं को दूर करने के साथ प्रभावित व्यक्तियों के प्रति संवेदनशील व्यवहार भी बेहद जरूरी है। स्वास्थ्य शिविर में जादू एवं मनोरंजक प्रस्तुतियों के माध्यम से एचआईवी/एड्स से जुड़े जरूरी संदेश सरल भाषा में लोगों तक पहुंचाए गए। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने भी प्रस्तुतियों में रुचि दिखाई और स्वास्थ्य संबंधी जानकारियों को ध्यानपूर्वक सुना। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेश मौर्य, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पीके सिंह, उपमुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आरके वर्मा, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अशोक कुमार, डॉ. मुकुल वर्मा समेत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी–कर्मचारी एवं एनटीईपी स्टाफ मौजूद रहा।

# शहर से लेकर गांव की सड़कों तक दौड़ेगा श्री अन्न रथ

## - डीएम ने मिलेट्स मोबाइल आउटलेट को दिखाई हरी झंडी
## - आटा, लड्डू, बिस्किट समेत मिलेंगे मिलेट्स के उत्पाद

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिले में मोटे अनाज यानी मिलेट्स (श्री अन्न) को जन–जन की थाली तक पहुंचाने की मुहिम को रतार मिल गई है। बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर से जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स व मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना ने मिलेट्स मोबाइल आउटलेट वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मोबाइल वाहनों के जरिए अब गांव से लेकर शहर तक लोगों को श्री अन्न से तैयार पौष्टिक उत्पाद आसानी से उपलब्ध होंगे। उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के तहत वर्ष 2025–26 में फार्मर प्रो. कं.लि. ग्राम नरौली बुजुर्ग और पिनाकी एग्रो फार्मर प्रोड्यूसर कं.लि., ग्राम टिकरा को मिलेट्स मोबाइल आउटलेट का लाभ दिया गया है। इन वाहनों के माध्यम से श्री अन्न के उत्पादों की बिक्री के साथ–साथ लोगों को इसके पोषण और स्वास्थ्य लाभों के प्रति जागरूक किया जाएगा। जिलाधिकारी ने संबंधित एफपीओ के प्रबंध निदेशकों को निर्देश दिए कि मोबाइल आउटलेट वाहनों का संचालन निर्धारित शेड्यूल के अनुसार नियमित रूप से किया जाए। साप्ताहिक हाट बाजार, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के प्रमुख चौराहों और भीड़भाड़ वाले बाजारों में वाहनों को निर्धारित स्थानों पर खड़ा कर अधिक से अधिक लोगों तक श्री अन्न के उत्पाद पहुंचाए जाएं। डीएम ने कहा कि मिलेट्स के सेवन और उससे होने वाले लाभों का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाना जरूरी है। किसानों और आमजन को श्री अन्न के पोषण संबंधी महत्व की जानकारी देकर इसके



उपयोग के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने गुणवत्ता युक्त मिलेट्स उत्पादों को निर्धारित दरों पर आमजन को उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। मोबाइल आउटलेट में श्री अन्न का आटा, विभिन्न प्रकार के अनाज, कैंडी, लड्डू, बिस्किट समेत अन्य उत्पाद उपलब्ध रहेंगे। प्रशासन का उद्देश्य श्री अन्न को लोगों की रोजमर्रा की भोजन की थाली तक पहुंचाने के साथ किसानों को मिलेट्स की खेती और उससे जुड़े उत्पादों के लिए प्रोत्साहित करना है। इस दौरान उप .षि निदेशक राम जतन मिश्र, जिला .षि अधिकारी नरोत्तम कुमार, अवर अभियंता अजीत कुमार, भूमि संरक्षण अधिकारी समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# 13 से 15 अगस्त तक घरों पर फहराएं तिरंगा झंडा : डीएम

न्यूज वाणी ब्यूरो

अमेठी। जिलाधिकारी संजय चौहान ने बताया है कि हर घर तिरंगा अभियान 13 अगस्त से 15 अगस्त तक सभी आवासित घरों, सरकारी, गैर सरकारी संस्थानों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों, शहीद स्मारकों, अमृत सरोवरों आदि पर ध्वजारोहण समारोह आयोजित किये जायेंगे और कार्यालयों को तिरंगा प्रकाश से सुसज्जित किया जायेगा। डीएम ने जनपदवासियों से अपील करते हुये कहा कि तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर उसे वेबसाइट पर अपलोड करे तथा अपने–अपने घरों पर तिरंगा झण्डा फहरायें। उन्होने झण्डा फहराने के नियम के सम्बन्ध में बताया है कि प्रत्येक नागरिक को अपने आवास/स्कूल तथा सरकारी कार्यालयों में झण्डा सम्मान के साथ झण्डा संहिता का अनुपालन करते हुए फहराना/लगाना है। झण्डा फहराते समय सदैव केसरिया रंग की पट्टी झण्डे के ऊपर की तरफ होनी चाहिए, झण्डे को यदि सरकारी अवसर पर फहराया जाता है तो सूर्योदय के उपरान्त ध्वजारोहण किया जाना चाहिये तथा सूर्यास्त के साथ सम्मान के साथ उतारना चाहिए। निजी आवासों एवं प्रतिष्ठानों पर लगाये जाने वाले झण्डों को उक्त समयावधि के उपरान्त आदर भाव के साथ उतार कर रखा जायेगा। झण्डा उतारने के बाद किसी के भी द्वारा फेंका नहीं जायेगा उसे सम्मान के साथ फोल्ड करके रखा जाना चाहिए। विशेष परिस्थितियों में झण्डा रात्रि में फहराया जा सकता है तथा हर घर पर झण्डा विधिवत तरीके से लगाया जाना चाहिए, आधा झुका, गंदा, फटा या कटा झण्डा लगाया जाना निषेध होगा।

# नवजात को जन्म देकर मां की मौत, अस्पताल में मचा हंगामा

## - खून चढ़ाने के बाद बिगड़ी प्रसूता की हालत, परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप,- स्वास्थ्य विभाग की टीम ने त्वरित कार्रवाई कर अस्पताल को किया सीज

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के बहादुर पाल अस्पताल में नवजात को जन्म देने के महज एक दिन बाद महिला की मौत से हड़कंप मच गया। महिला की मौत की खबर मिलते ही परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने अस्पताल में जमकर हंगामा करते हुए चिकित्सकीय लापरवाही का आरोप लगाया। परिजनों का कहना है कि प्रसव के बाद महिला की हालत बिगड़ने पर उसे खून चढ़ाया गया था, लेकिन इसके बाद उसकी तबीयत में सुधार होने के बजाय हालत और गंभीर होती चली गई और इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। बताया गया कि महिला ने एक दिन पहले ही बच्चे को जन्म दिया था। प्रसव के बाद अचानक उसकी हालत बिगड़ने पर अस्पताल में उपचार शुरू किया गया। इसी दौरान महिला को खून चढ़ाया गया। परिजनों का आरोप है कि रक्त चढ़ाए जाने के बाद महिला की हालत और ज्यादा बिगड़ गई। चिकित्सकों के प्रयास के बावजूद उसकी जान नहीं बच सकी।




मौत की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। परिजनों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और यदि इलाज में किसी स्तर पर लापरवाही सामने आती है तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। परिजनों का आरोप है कि निजी अस्पतालों की व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन की ओर से लगातार सख्ती के बावजूद प्रभावी निगरानी नहीं हो पा रही है। उधर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अस्पताल पहुंचकर घटना के बाबत जानकारी जुटाते हुए अव्यवस्थाएं पाए जाने पर अस्पताल को सीज कर दिया है।

# जनाजे के सम्मान में थमी कांवड़ यात्रा, कांवड़ियों ने बंद किया डीजे



न्यूज वाणी ब्यूरो

स्योहारा, बिजनौर। स्योहारा में कांवड़ यात्रा के दौरान आपसी भाईचारे और सौहार्द की मिसाल देखने को मिली। पूर्व शिक्षक एवं पूर्व सभासद मास्टर नसीम जफर के निधन के बाद जब उनका जनाजा निकाला जा रहा था, उसी दौरान कांवड़ियों का काफिला वहां से गुजर रहा था। जनाजे को रास्ता देने के लिए कांवड़ियों ने अपनी यात्रा कुछ देर के लिए रोक दी और डीजे भी बंद कर दिया। कांवड़ियों ने जनाजे को सम्मानपूर्वक रास्ता देने के बाद ही अपनी यात्रा आगे बढ़ाई। इस दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने कांवड़ियों के इस व्यवहार की सराहना की। लोगों का कहना था कि धार्मिक यात्रा के बीच जनाजे के सम्मान में डीजे बंद कर रास्ता देना सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारे की अच्छी मिसाल है। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसे लोग खूब साझा कर रहे हैं।

# गन्ने की फसल में कीट-रोगों को लेकर किसानों को किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो

धामपुर, बिजनौर। शुगर मिल के उपाध्यक्ष आशीष शर्मा एवं सहायक उपाध्यक्ष संजीव कुमार ने बुधवार को बिजनौर जॉन के ग्राम कंभोर में किसान बैठक आयोजित कर गन्ने की फसल से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी।

बैठक को संबोधित करते हुए उपाध्यक्ष आशीष शर्मा ने कहा कि




बारिश के मौसम में गन्ने की फसल में कीट एवं रोग लगने की संभावना बढ़ जाती है। किसान खेतों में फसल की नियमित निगरानी करें और कीट या रोग के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल धामपुर शुगर मिल के बिजनौर जॉन कार्यालय से संपर्क करें। उन्होंने किसानों से खेतों में वर्षा का पानी जमा न होने देने तथा उचित जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करने की अपील की, ताकि फसल को नुकसान से बचाया जा सके। सहायक उपाध्यक्ष संजीव कुमार ने कहा कि इन दिनों सट्टा प्रदर्शन का कार्य चल रहा है। किसान अपने बेसिक कोटा, .षि योग्य भूमि, मोबाइल नंबर, आधार नंबर और बैंक खाते से संबंधित विवरण की जांच कर लें। किसी प्रकार की त्रुटि होने पर संबंधित सुपरवाइजर से संपर्क कर उसे समय रहते दुरुस्त करा लें, जिससे भविष्य में गन्ना आपूर्ति के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो। बैठक में जोनल मैनेजर संदीप सरावत, जोनल अधिकारी एवं फील्ड स्टाफ सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# पूर्व राज्यमंत्री ने निकाली तिरंगा यात्रा

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। आजादी के अमृत महोत्सव की भावना को लेकर हुसैनगंज विधानसभा क्षेत्र



के पूर्व राज्यमंत्री रणवेंन्द्र प्रताप सिंह उर्फ धुन्नी सिंह ने बुधवार को हजारों समर्थकों के साथ भव्य तिरंगा यात्रा निकाली। नौबस्ता गंगा घाट से शुरू हुई बाइक रैली चौकी चौराहा स्थित महाराणा प्रताप चौक तक पहुंची। तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में युवाओं और समर्थकों ने बाइक पर हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों और गीतों के साथ हिस्सा लिया। पूरे मार्ग पर देशभक्ति का माहौल नजर आया। रैली के दौरान लोगों को हर घर तिरंगा अभियान के तहत अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज लगाने का संदेश भी दिया गया। पूर्व राज्यमंत्री रणवेंन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। प्रत्येक नागरिक को राष्ट्र के प्रति समर्पण और सम्मान की भावना के साथ राष्ट्रीय पर्वों में बढ़–चढ़कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने लोगों से अपने घरों पर तिरंगा फहराने और देश की एकता व अखंडता को मजबूत करने का आह्वान किया। तिरंगा यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर स्थानीय थाना सुल्तानपुर घोष की पुलिस बल मौके पर मौजूद रही। पुलिस ने रैली के दौरान यातायात व्यवस्था और सुरक्षा को व्यवस्थित बनाए रखने के लिए आवश्यक प्रबंध किए। इस मौके पर आदित्य प्रताप सिंह, संतोष गुप्त, गौरव सिंह, आलोक सिंह, रसीद, ब्लॉक प्रमुख अनुज प्रताप सिंह मौजूद रहे। इसी प्रकार खागा विधानसभा में राज्यमंत्री दुग्ध एवं पशुधन .ष्ण पासवान की अगुवाई में रैली निकाली गई। जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, जुगेश सिंह, तब्बूल सिंह सहित हजारों लोग शामिल हुए।




# बचपन डे-केयर सेंटर में राज्यमंत्री ने बाटे यूनिफार्म व जूते

## - विशेष बच्चों का भविष्य संवारना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी : कृष्णा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पढ़ाई की राह में सुविधाओं की कमी दिव्यांग बच्चों के हौसले को नहीं रोक सकती, जरूरत है तो सिर्फ उन्हें सही अवसर और सहयोग देने की। बुधवार को बचपन डे–केयर सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में जब दिव्यांग छात्र–छात्राओं को नई यूनिफॉर्म और जूते वितरित किए गए तो उनके चेहरों पर खुशी साफ नजर आई। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार की राज्यमंत्री पशुपालन एवं दुग्ध विकास .ष्णा पासवान ने बच्चों को यूनिफॉर्म एवं जूते वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। राज्यमंत्री .ष्णा पासवान ने कहा कि दिव्यांग छात्र–छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा, प्रशिक्षण और जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराना बेहद महत्वपूर्ण है। सरकार और विभाग की ओर से विशेष बच्चों के हित में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि दिव्यांग बच्चों को समाज की



मुख्यधारा से जोड़ना और उन्हें आगे बढ़ने के अवसर देना केवल किसी एक विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सेंटर की व्यवस्थाओं और बच्चों के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास विशेष बच्चों में आत्मविश्वास पैदा करने के साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ाते हैं। कार्यक्रम में भिटौरा ब्लॉक प्रमुख अमित त्रिवारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रगति मिश्रा, बचपन डे–केयर सेंटर के समन्वयक पवन त्रिवारी, विशेष शिक्षक एवं सेंटर के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों एवं अतिथियों ने बच्चों की शिक्षा और उनके सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे कार्यों को आगे भी प्रभावी ढंग से जारी रखने पर जोर दिया।




**प्रयागराज–वेरावल विशेष रेलगाड़ी का झींझक एवं फफूँद स्टेशनों पर अतिरिक्त ठहराव एवं समय में परिवर्तन**

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गाड़ी संख्या **04173/04174** प्रयागराज-वेरावल साप्ताहिक विशेष रेलगाड़ी का झिंझक एवं फफूंद स्टेशनों पर अतिरिक्त ठहराव तथा गाड़ी सं. **04173** प्रयागराज-वेरावल विशेष रेलगाड़ी का इटावा स्टेशन पर दिनांक **13.08.2026** से **24.09.2026** तक समय में संशोधन किये जाने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

| 04173 प्रयागराज-वेरावल | | | 04174 वेरावल-प्रयागराज | |
|---|---|---|---|---|
| वर्तमान समय | संशोधित समय | स्टेशन | वर्तमान समय | संशोधित समय |
| प्र.-10:10 | कोई परिवर्तन नहीं | प्रयागराज | आ.-05:50 | कोई परिवर्तन नहीं |
| -- -- | 13:48-13:50 | झींझक | -- -- | 00:28-00:30 |
| -- -- | 14:13-14:15 | फफूँद | -- - | 00:10-00:12 |
| 14:28-14:30 | 14:43-14:45 | इटावा | 22:58-23:00 | कोई परिवर्तन नहीं |

**प्रयागराज सेः** गाड़ी सं. 04173, प्रत्येक गुरूवार, दिनांकः 13.08.2026 से 24.09.2026
**वेरावल सेः** गाड़ी सं. 04174, प्रत्येक शुक्रवार, दिनांकः 14.08.2026 से 25.09.2026

**उपरोक्त के अतिरिक्त ऑटोमेटिक सिग्नलिंग कार्य के कारण गाड़ी सं. 04173 प्रयागराज-वेरावल विशेष रेलगाड़ी के मार्ग में परिवर्तन किया जा रहा है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः-**

| गाड़ी सं. | स्टेशन से - स्टेशन तक | वर्तमान मार्ग | परिवर्तित मार्ग | प्रारंभिक स्टेशन से प्रभावी तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 04173 | प्रयागराज-वेरावल | पालनपुर-महेसाना-विरमगाम | पालनपुर-भीलड़ी-महेसाना-विरमगाम | 13.08.2026 |

नोटः ट्रेनों की समय-सारणी के सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in 1863/26 (PH)

# न्याय की चौखट पर दस्तक दे रहे बाबा रामप्रताप

## – लेखपाल की फजह्व रिपोर्ट व दबंगों के आगे पस्त हुआ प्रशासन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिले के भिटौरा क्षेत्र अंतर्गत बेरा गढ़ीवा निवासी संत रामप्रताप पिछले डेढ़ साल से अपनी ही जमीन को दबंगों से मुक्त कराने के लिए शासन व प्रशासन के चक्कर काट रहे हैं। योगी सरकार द्वारा जीरो टॉलरेंस और भू–माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के बड़े–बड़े दावों के बावजूद पीड़ित साधु को न्याय के लिए दर–दर भटकना पड़ रहा है। मामला तब बिगड़ा जब पीड़ित ने 30 जनवरी 2025 को जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर अपनी भूमि खाली कराने की गुहार लगाई थी, लेकिन आरोप है कि स्थानीय लेखपाल चंद्रपाल ने निष्पक्ष जांच करने के बजाय आरोपी दबंग अर्जुन सिंह पुत्र रामराज सिंह से साठगांठ कर ली और फर्जी रिपोर्ट लगाकर मामले को रफा–दफा कर दिया।

लेखपाल की इस शह से बेखौफ हुए दबंगों ने पीड़ित साधु की गाटा संख्या 1547 क (क्षेत्रफल 0.7290), 1547 ख (क्षेत्रफल 0. 1760) और शादीपुर बेरा स्थित गाटा संख्या 457 पर जबरन गुंडई के बल पर कब्जा कर धान की फसल बो दी। इतना ही नहीं, दबंगों ने बाबा रामप्रताप की जमीन में खड़ी गेहूं की फसल को भी जोतकर पूरी तरह नष्ट कर दिया और आम आवागमन के लिए इस्तेमाल होने वाले चकरोड संख्या 1805 को बंद कर दिया, जिससे रास्ता पूरी तरह अवरुद्ध हो चुका है। प्रशासनिक स्तर पर सुनवाई न होने पर पीड़ित ने 3 मार्च 2025 को मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत (संख्या 40017225003017) दर्ज कराई। 3 अगस्त को पुनः जिलाधिकारी से मिलकर शिकायती पत्र सौंपा। इसके बावजूद धरातल पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। जिससे आरोपी अर्जुन सिंह के हौसले और बुलंद हो गए। जब बाबा रामप्रताप ने अपनी जमीन खाली करने की बात कही, तो आरोपी ने खुलेआम धमकी देते हुए कहा कि तुम साधु हो चुपचाप राम–राम जपो, वरना जान से हाथ धो बैठोगे और तुम्हारी लाश इसी खेत में गाड़ दी जाएगी। पीड़ित संत रामप्रताप ने जिलाधिकारी और मुख्यमंत्री से अपनी जान–माल की सुरक्षा की गुहार लगाते हुए आरोपी के खिलाफ तत्काल प्राथमिकी दर्ज करने और जमीन को कब्जा मुक्त कराने की मांग की है।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में वांछित एवं वारंटियों की गिरतारी व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सुल्तानपुर घोष पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस टीम ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोप से संबंधित मुकदमे में वांछित आरोपी को गिरतार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।

पुलिस के अनुसार थाना सुल्तानपुर घोष में दर्ज मु0अ0सं0 107/2026, धारा 69/352 बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त पंकज सिंह पुत्र भोला सिंह, निवासी ग्राम सोनावरदेई मजरे कोडारवर थाना सुल्तानपुर घोष को गिरतार किया। गिरतारी के बाद पुलिस ने आरोपी को विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। गिरतार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक तेज बहादुर सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक जय प्रकाश सिंह, हेड कांस्टेबल अजय सिंह तथा कांस्टेबल दीपक सिंह शामिल रहे।

# बच्चों ने शिक्षकों को दिए पौधे, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। कस्बे के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में बुधवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण को लेकर विशेष पहल की गई। विद्यालय के बच्चों ने शिक्षकों को पौधे भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने पौधरोपण के साथ पेड़ों की देखभाल और संरक्षण का संकल्प भी लिया।



विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने शिक्षकों को पौधे देकर पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। विद्यालय प्रबंधन ने बच्चों की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि कम उम्र से ही विद्यार्थियों में प्र.ति और पेड़ों के प्रति लगाव विकसित करना जरूरी है। पेड़–पौधे न केवल पर्यावरण को स्वच्छ रखने में अहम भूमिका निभाते हैं, बल्कि मानव जीवन के लिए भी बेहद आवश्यक हैं। प्रधानाचार्य गजेंद्र सिंह ने कहा कि पेड़ हमारे जीवन को स्वस्थ और सुरक्षित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पेड़ों से हमें शुद्ध वायु मिलती है और पर्यावरण का संतुलन भी बना रहता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक घर में कम से कम एक पेड़ जरूर होना चाहिए। पौधे लगाने के साथ उनकी नियमित देखभाल करना भी सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और अपने आसपास के लोगों को भी पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में हरियाली बढ़ाने और पौधों के संरक्षण को लेकर चर्चा की गई। इस मौके पर शिक्षक दिनेश मौर्य, रामावतार, जगदीश और आकाश, प्रदुम्न बाजपेई, हनी, आर्यन यादव, शमीम समेत विद्यालय के शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद रहे।

# शिक्षिका हत्याकांड का खुला राज, शक ने पति को बनाया कातिल

## - पति का दूसरी महिला से चल रहा था अवैध संबंध, विरोध पर पत्नी को रास्ते से हटाया

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। नौ साल पहले जिस प्रेम कहानी ने शादी का रूप लेकर नई जिंदगी की शुरुआत की थी, उसका अंत इतना खौफनाक होगा, शायद किसी ने सोचा भी नहीं था। मोहब्बत से शुरू हुआ रिश्ता आखिरकार कत्ल और साजिश तक पहुंच गया। कोतवाली नगर क्षेत्र में शिक्षिका शालिनी यादव की हत्या के मामले में पुलिस ने उसके पति और सरकारी प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक दिलीप कुमार को गिरतार कर लिया है। पुलिस की जांच में सामने आया कि पति का एक दूसरी महिला से कथित अवैध संबंध चल रहा था और शालिनी इसका विरोध करती थी। इसी को लेकर दोनों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। पुलिस के अनुसार आरोपी पति ने 8 अगस्त की सुबह शालिनी की हत्या कर दी और फिर वारदात को हादसा दिखाने की कोशिश की। बताते चलें कि शालिनी यादव व दिलीप कुमार की शादी तीन दिसंबर 2017 को हिंदू रीति–रिवाज से हुई थी। दोनों के बीच प्रेम संबंध के बाद शादी हुई थी। शादी के बाद दोनों की जिंदगी आगे बढ़ी और उनका एक आठ वर्षीय पुत्र भी है लेकिन समय के साथ रिश्ते में दरार पड़ती चली गई। पुलिस के अनुसार पिछले करीब डेढ़ वर्ष से दोनों के बीच संबंध खराब



चल रहे थे। सामने आया कि दिलीप कुमार के किसी दूसरी महिला से संबंध थे। शालिनी इन संबंधों का विरोध करती थी। इसी बात को लेकर दोनों में आए दिन विवाद होता था। आठ अगस्त की सुबह शालिनी आंगन में बर्तन धो रही थी। इसी दौरान दिलीप ने कथित तौर पर मौका पाकर एल्युमिनियम के बर्तन के ढक्कन से उसके सिर के पीछे लगातार तीन वार कर दिए। चोट लगने से शालिनी बेहोश होकर गिर पड़ी। कांच टूटने से उसके पैर में भी चोट आई। इसके बाद आरोपी ने शालिनी को पानी से भरे प्लास्टिक के बाथटब में ले जाकर उसकी गर्दन पकड़कर सिर पानी में डुबो दिया। कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। वारदात के बाद आरोपी ने कथित तौर पर सबूत मिटाने के लिए बाथटब का पानी बहा दिया, जिससे खून के छींटे और धब्बे भी पानी के साथ बह गए। वारदात के बाद आरोपी अपनी मोटरसाइकिल से मॉर्निंग वॉक के लिए निकल गया। कुछ देर बाद वापस लौटकर उसने अपने भाइयों को बुलाया और शालिनी के गिरकर घायल होने की कहानी बताई। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को वापस किराये के मकान पर लाकर भी आरोपी ने मौत को हादसा बताने की कोशिश की। शालिनी की मौत के बाद मामला संदिग्ध नजर आने पर पुलिस ने जांच शुरू की। विवेचना आगे बढ़ी तो पुलिस ने आरोपी पति को गिरतार कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर एल्युमिनियम का बर्तन ढक्कन, टूटे कांच के छह टुकड़े, प्लास्टिक का बाथटब, मोबाइल फोन, 70 रुपये नकद और पैशन प्रो मोटरसाइकिल संख्या यूपी–71आर/9541 बरामद की है। पुलिस के मुताबिक गिरतार दिलीप कुमार प्राथमिक विद्यालय में सरकारी शिक्षक है, जबकि शालिनी निजी स्कूल में शिक्षिका थी। पुलिस ने आरोपी को गिरतार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है और उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। खुलासा करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार मिश्रा, वरिष्ठ उपनिरीक्षक त्यागदेव गौतम, उपनिरीक्षक अनमोल सिंह, कांस्टेबल राम आशीष यादव, कांस्टेबल अमन यादव, महिला कांस्टेबल ललित चौहान और कांस्टेबल गिरमनेर सिंह शामिल रहे।

# रोजगार बचाने की पथ व्यापारियों ने बुलंद की आवाज

## - पालिका ईओ को सौंपा ज्ञापन, अस्थाई पथ बाजार आवंटित करने की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर की सड़कों व फुटपाथों पर छोटे–छोटे कारोबार के सहारे परिवार का पेट पाल रहे पथ व्यापारियों ने अब अपने रोजगार को बचाने के लिए आवाज बुलंद की है। उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश से संबद्ध पथ विक्रेता संगठन ने नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी को मांग पत्र सौंपकर पथ व्यापारियों के लिए शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अस्थायी स्थान आवंटित किए जाने की मांग की है। संगठन का कहना है कि आर्थिक रूप से कमजोर पथ व्यापारी आईटीआई रोड, पटेलनगर, पथरकटा, बिंदकी बस स्टैंड, सदर अस्पताल, पक्का तालाब, बस स्टैंड और वर्मा चौराहा सहित विभिन्न क्षेत्रों में छोटे स्तर पर व्यापार कर अपने परिवार का भरण–पोषण करते हैं। आरोप है कि कई बार बिना पूर्व सूचना के उन्हें उनके स्थानों से हटा दिया जाता है। इससे उनका कारोबार पूरी तरह प्रभावित हो जाता है और परिवार के सामने रोजी–रोटी का संकट खड़ा हो जाता है। मांग किया कि नगर क्षेत्र में ऐसे स्थान चिह्नित किए जाएं, जहां पथ व्यापारियों को अस्थायी रूप से कारोबार करने की अनुमति दी जा सके। संगठन का कहना है कि इससे सड़क और यातायात व्यवस्था को भी बेहतर ढंग से नियंत्रित किया जा सकेगा तथा छोटे व्यापारियों का रोजगार भी सुरक्षित रहेगा। मांग पत्र में आईटीआई रोड स्थित खाली और उजाड़ पड़े यूसुफ क्लब को अस्थायी पथ विक्रेताओं के लिए आवंटित किए जाने का विशेष सुझाव दिया गया। उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के संस्थापक अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा ने कहा कि पथ व्यापारी बेहद



कमजोर आर्थिक स्थिति में मेहनत करके अपने परिवार का पालन–पोषण करते हैं। उन्हें बार–बार हटाने से उनके सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो जाता है। मांग किया कि पथ व्यापारियों को हटाने के बजाय उनके लिए निर्धारित स्थान उपलब्ध कराकर व्यवस्थित व्यवस्था बनाई जाए। इस मौके पर पथ विक्रेता संगठन अध्यक्ष सर्वेश पाण्डेय के अलावा रचित शर्मा, गुड्डू, सनी, निजाम, आमिर, राकेश शर्मा, राज शमी, साहेबे आलम, दाऊद, सैफ आलम, सलमान, विनय गुप्ता, अजीत कुमार, अमन तिवारी, रमन तिवारी और अवनीश तिवारी सहित संगठन से जुड़े पथ व्यापारी शामिल रहे।

# बावनी इमली में गूंजा शहीदों का शौर्य, बलिदानियों के वंशज सम्मानित

## - हर घर तिरंगा में बावन शहीदों को नमन, गूंज उठा ऐतिहासिक स्थल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। आजादी की लड़ाई में अपने प्राणों की आहुति देने वाले बावन इमली के बावन शहीदों की वीरगाथा बुधवार को फिर जीवंत हो उठी। हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत बिंदकी तहसील स्थित ऐतिहासिक बावन इमली में स्वतंत्रता संग्राम के गौरवशाली इतिहास पर चर्चा के साथ स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं उनके आश्रितों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों ने बावन शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया और दीप प्रज्जवलित कर समारोह का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में जहानाबाद विधायक राजेंद्र सिंह पटेल, नगर पालिका परिषद बिंदकी की अध्यक्ष राधा साहू, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र गौतम, पार्टी संयोजक एवं प्रमुख कार्यकर्ता रमाकांत तिवारी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। अतिथियों ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवारजनों को शॉल भेंटकर सम्मानित किया और उनके त्याग, संघर्ष व राष्ट्र के प्रति समर्पण को याद किया। वक्ताओं ने बावन इमली में शहीद हुए स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के योगदान और उनके संघर्षों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि देश की आजादी वीर शहीदों के बलिदान की अमूल्य देन है। उनके संघर्ष और राष्ट्रप्रेम की गाथा आने वाली पीढ़ियों को हमेशा प्रेरणा देती रहेगी। विद्यालयों के छात्र–छात्राओं ने देशभक्ति एवं राष्ट्रभावना से ओत–प्रोत विभिन्न सांस्ःतिक और राष्ट्रीय कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों में देशप्रेम और उत्साह का संचार कर दिया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने स्वतंत्रता संग्राम के वीर सेनानियों



एवं शहीदों के आदर्शों को नमन करते हुए उन्हें अपने जीवन में आत्मसात करने और राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं प्रगति के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी बिंदकी निशांत तिवारी, खंड विकास अधिकारी खजुहा कोमल सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बिंदकी चंद्रभूषण पांडेय, तहसीलदार अचलेश सिंह, नायब तहसीलदार रचना यादव, खंड शिक्षा अधिकारी पवन द्विवेदी समेत विकास खंड के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# टाटा आईआईएस में प्रवेश परीक्षा 27 सितंबर को

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। टाटा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ स्किल्स मुंबई एवं अहमदाबाद में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू की गई है। संस्थान में प्रवेश पाने के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए प्रवेश परीक्षा 27 सितंबर को देश के विभिन्न शहरों में आयोजित की जाएगी। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य ने बताया कि टाटा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ स्किल्स में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों को संस्थान के पाठ्यक्रम, योग्यता, प्रवेश प्रक्रिया एवं पंजीकरण की जानकारी प्राप्त कर निर्धारित समय में आवेदन करना होगा। प्रवेश के लिए आईटीआई में संचालित किसी व्यवसाय में उत्तीर्ण अभ्यर्थी अथवा अंतिम वर्ष की परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा हाईस्कूल अथवा इंटरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को भी आवेदन का अवसर दिया गया है। प्रधानाचार्य ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी कार्यक्रम, पाठ्यक्रम, पात्रता की शर्तें, प्रवेश परीक्षा एवं पंजीकरण से जुड़ी विस्तृत जानकारी संस्थान की वेबसाइट पर देख सकते हैं। अभ्यर्थियों को आवेदन से पहले पात्रता और प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी ध्यानपूर्वक जांचने की सलाह दी गई है।

# संक्षिप्त समाचार

## संदिग्ध हालत में विवाहिता की मौत, हत्या का आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। ललौली थाना क्षेत्र के ग्राम उनई मजरे कोर्रा कनक में संदिग्ध परिस्थितियों में 21 वर्षीय महिला ने घर के अंदर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मृतका के परिजनों ने ससुरालीजनों पर हत्या का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार उनई मजरे कोर्राकनक गांव निवासी साहिल सिंह की पत्नी नेहा सिंह ने संदिग्ध अवस्था में घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। मृतका के परिजनों ने बताया कि नेहा की शादी पांच मई 2026 को हुई थी। ससुरालीजनों ने दहेज की खातिर उसकी पुत्री की हत्या कर दी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण ज्ञात हो सकेगा।

## घायल महिला की उपचार दौरान मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। विगत तीन दिन पूर्व कानपुर जनपद में सड़क हादसे में घायल 45 वर्षीय महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को विच्छेदन हेतु भेजा है। बताते हैं कि बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के कोरवा गांव निवासी मुन्ना की पत्नी उमेर देवी विगत नौ अगस्त को कानपुर रिश्तेदारी में गई थी। तभी अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से वह घायल हो गई। परिजन उसे लेकर घर आ गए और नजदीक के अस्पताल में इलाज करवा रहे थे। तभी उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

## सांड़ के हमले से घायल वृद्धा की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। चांदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मदनपुर मजरे रारा में दो दिन पूर्व खेत में काम कर रही 69 वर्षीय वृद्ध महिला पर अन्ना साड़ ने हमला कर दिया था जिसकी घर पर इलाज के दौरान बुधवार की सुबह मौत हो गई। बताते चलें कि मदनपुर मजरे रारा गांव निवासी स्व0 गंगा सागर की पत्नी फूलमती दो दिन पूर्व खेत में काम कर रही थी। इसी दौरान अन्ना साड़ ने उस पर हमला कर दिया था जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी। परिजन उसका घर पर ही इलाज करवा रहे थे। बुधवार की सुबह वृद्ध महिला ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

## ट्रेन से कटकर वृद्ध की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। खागा रेलवे स्टेशन के समीप रेलवे लाइन पार करते समय 60 वर्षीय वृद्ध की ट्रेन की चपेट में आ जाने से मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार खागा कोतवाली क्षेत्र के संवत गांव निवासी स्व. कपूर सिंह का पुत्र रामनरेश अपने रिश्तेदारी में गया था। बताते हैं कि रेलवे स्टेशन के समीप रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

## 25 हजार का इनामी गैंगस्टर गिरफ्तार

### – छह मुकदमों से खुली शातिर की करतूतों की फाइल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में कल्यानपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित चल रहे 25 हजार के इनामी शातिर आरोपी शिवम यादव को गिरतार कर लिया। इनामी बदमाश की गिरतारी से अपराध जगत में खलबली मच गई। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया।

पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में वांछित एवं वारंटियों की गिरतारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत 12 अगस्त को थाना कल्यानपुर पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस ने मु.अ.सं. 71/2026, धारा 2/3 यूपी गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे शिवम यादव को गिरतार किया। गिरतार आरोपी शिवम यादव पुत्र राममनोहर यादव निवासी पानीखेड़ मजरे मौहार थाना कल्यानपुर का आपराधिक इतिहास भी पुलिस रिकॉर्ड में दर्ज है। पुलिस के अनुसार उसके खिलाफ थाना कल्यानपुर में कुल छह मुकदमे दर्ज हैं। इनमें बीएनएस की विभिन्न धाराओं के साथ ही आर्म्स एक्ट और यूपी गैंगस्टर एक्ट से जुड़े मामले शामिल हैं। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक आरोपी के खिलाफ वर्ष 2025 में हत्या के प्रयास/अन्य संबंधित धाराओं व आर्म्स एक्ट, चोरी/लूट से संबंधित धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हुए। इसके बाद वर्ष 2026 में उसके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत भी मुकदमा दर्ज किया गया। इसी मामले में वह वांछित चल रहा था और उस पर 25 हजार का इनाम घोषित था। गिरतार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष तुषार श्रीवास्तव, उपनिरीक्षक अजीत सिंह, मुख्य आरक्षी राहुल यादव, मुख्य आरक्षी उमेश चौरसिया, आरक्षी शशि शर्मा और आरक्षी शिव सिंह शामिल रहे।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )